महानगर  नई दिल्ली  मंगलवार 23 जुलाई, 2019,  रु. 5.00  (12 पेज)  दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com | epaper.jansatta.com | facebook.com/jansatta | twitter.com/jansatta

# ‘चंद्रयान-2’ रवाना, सितंबर में उतरेगा चांद की सतह पर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 22 जुलाई।

भारत ने अपने दूसरे चंद्र मिशन के तहत ‘चंद्रयान-2’ का सोमवार को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) से सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। ‘बाहुबली’ नाम के सबसे ताकतवर रॉकेट जीएसएलवी-मार्क 3 एम 1 ने प्रक्षेपण के करीब 16 मिनट बाद यान को पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया। मिशन के तहत चांद के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में रोवर उतारकर शोध किया जाएगा। रोवर को सात सितंबर को उतारे जाने की योजना है। चंद्रयान-2 ने दोपहर बाद 2:43 बजे उड़ान भरी।

चंद्रयान-2 के सफल प्रक्षेपण के साथ ही भारत ने नया इतिहास रचा। इसरो प्रमुख के सिवन ने चंद्रयान के सफल प्रक्षेपण की घोषणा करते हुए कहा कि इस मिशन की सोच से बेहतर शुरुआत बाकी पेज 8 पर

**श्रीहरिकोटा** से प्रक्षेपण के 16 मिनट बाद पृथ्वी की कक्षा में स्थापित

**16 दिनों** तक पृथ्वी के चक्कर लगाने के बाद चंद्रमा की ओर बढ़ेगा यान

**उसके** अगले पांच दिन में चंद्रमा की कक्षा में पहुंचेगा

**सात** सितंबर को उतरेगा चांद पर



## राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने सराहा



चंद्रयान-2 की छलांग; परमाणु ऊर्जा के खजाने तक पहुंच – विशेष पेज 7 पर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 22 जुलाई।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और विपक्षी नेताओं ने भारत के दूसरे चंद्र मिशन ‘चंद्रयान-2’ के सफल प्रक्षेपण की सराहना की। इन नेताओं ने ‘ऐतिहासिक प्रक्षेपण’ के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों तथा इंजीनियरों बाकी पेज 8 पर

# भारत और पाक कहें तो कश्मीर पर मध्यस्थता

## इमरान खान से मुलाकात में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा

वाशिंगटन, 22 जुलाई (भाषा)।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान से मुलाकात में कहा कि यदि भारत-पाक कहेंगे तो वे कश्मीर पर ‘मध्यस्थता’ के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में प्रधानमंत्री खान के साथ अपनी बैठक के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा, ‘यदि मैं मदद कर सकता हूं, तो मैं एक मध्यस्थ होना पसंद करूंगा। अगर मैं मदद करने के लिए कुछ भी कर सकता हूं, तो मुझे बताएं।’ ट्रंप ने कहा, ‘मुझे लगता है कि वे (भारतीय) इसे हल होते हुए देखना चाहेंगे। मुझे लगता है कि आप (खान) इसे हल होते हुए देखना चाहेंगे। और अगर मैं मदद कर सकता हूं, तो मैं एक मध्यस्थ बनना पसंद करूंगा। यह होना चाहिए .... हमारे पास दो अद्भुत देश हैं जो होशियार नेतृत्व के साथ बहुत होशियार हैं, (और वे) इस तरह की समस्या का समाधान नहीं कर सकते। लेकिन अगर आप चाहते हैं कि मैं मध्यस्थता करूं, तो मैं ऐसा करने को तैयार हूं।’

भारत का कहना है कि कश्मीर मुद्दा एक द्विपक्षीय मुद्दा है और इसमें तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत का लगातार यही रुख रहा है कि पाकिस्तान के साथ सभी लंबित मुद्दों पर केवल द्विपक्षीय चर्चा की जाए। विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के इस दावे से इनकार किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें कश्मीर पर मध्यस्थता करने के लिए कहा था।अमेरिकी राष्ट्रपति ने खान से कहा, ‘भारत के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध हैं। मैं जानता हूं कि आपका रिश्ता (भारत के साथ) थोड़ा तनावपूर्ण है, शायद बहुत कुछ। लेकिन हम भारत के बारे में बात करेंगे... (यह) आज हमारी बातचीत का एक बड़ा हिस्सा है और मुझे लगता है कि शायद हम मध्यस्थता करने में मदद कर सकते हैं और हमें जो करना है वह कर सकते हैं। हम भारत और अफगानिस्तान दोनों के बारे में बात करेंगे।’ वाइट हाउस के ओवल ऑफिस में ट्रंप के साथ बैठे खान ने कहा कि वह तैयार हैं और उन्होंने अमेरिका के इस तरह के कदम का स्वागत किया। उन्होंने ट्रंप से कहा कि यदि आप (कश्मीर पर) मध्यस्थता कर सकते हैं तो एक अरब से अधिक लोगों की प्रार्थना आपके साथ है।’

भारत जनवरी 2016 में पठानकोट में भारतीय वायुसेना के अड्डे पर पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा हमले के बाद से पाकिस्तान के साथ कोई बातचीत नहीं कर रहा है। भारत का कहना है कि आतंकवाद और वार्ता साथ साथ नहीं चल सकते। खान के साथ पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा, इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आइएसआइ) प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद और विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी भी थे।

इस वर्ष के शुरू में कश्मीर के पुलवामा में पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के एक आत्मघाती हमलावर द्वारा किए गए विस्फोट में सीआरपीएफ के 40 जवानों के शहीद होने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और बढ़ गया।



**यदि** मैं मदद कर सकता हूं, तो मैं एक मध्यस्थ होना पसंद करूंगा।
*-डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी राष्ट्रपति*

## राजौरी में पाक गोलीबारी में जवान शहीद

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 22 जुलाई।

जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा पर अग्रिम चौकियों पर पाकिस्तानी सैनिकों की गोलीबारी और मोर्टार गोलाबारी में सेना का एक जवान सोमवार को शहीद हो गया। जम्मू में सेना के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) लेफ्टिनेंट कर्नल देंवेद्र आनंद ने बताया कि भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना और उनकी चौकियों को भारी नुकसान हुआ।

भारतीय सेना के शहीद जवान (राइफलमैन) का बाकी पेज 8 पर

## विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हुई, पर मतदान नहीं

बंगलुरु, 22 जुलाई (भाषा)।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी द्वारा पेश विश्वास प्रस्ताव पर विधानसभा में तीसरे दिन सोमवार को चर्चा हुई लेकिन मतदान नहीं हो पाया। आखिर में विधानसभा की कार्यवाही विश्वास प्रस्ताव पर मतदान के बिना मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।

कांग्रेस अड़ी हुई है कि बागी विधायकों के इस्तीफे पर अध्यक्ष का फैसला आने तक विश्वास प्रस्ताव पर मतविभाजन न कराया जाए। सदन की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई, कांग्रेस ने जोर देकर कहा कि मतदान की प्रक्रिया को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पूरा किया जाना चाहिए। कांग्रेस-जद (सेकु) सदस्यों ने लगाए नारे, ‘सुप्रीम कोर्ट को फैसला बाकी पेज 8 पर



निर्दलीय विधायकों की याचिका पर सुनवाई आज – पेज 9 पर

**विधानसभा** की कार्यवाही विश्वास प्रस्ताव पर मतदान के बिना मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। कांग्रेस अड़ी हुई है कि बागी विधायकों के इस्तीफे पर अध्यक्ष का फैसला आने तक विश्वास प्रस्ताव पर मतविभाजन न कराया जाए।

## जेपी नड्डा ने प्रज्ञा सिंह ठाकुर को तलब किया

नई दिल्ली, 22 जुलाई (भाषा)।

भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को भोपाल से सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर की उनकी उस टिप्पणी के लिए ‘खिंचाई’ की जिसमें उन्होंने कहा था कि वह शौचालय साफ करने के लिए सांसद नहीं बनी हैं। इस बयान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ‘स्वच्छ भारत’ अभियान के उपहास के तौर पर देखा गया। पार्टी सूत्रों बाकी पेज 8 पर

‘शौचालय’ संबंधी टिप्पणी पर



## साढ़े सात हजार के रखरखाव पर फ्लैट मालिकों को देना होगा 18% जीएसटी

नई दिल्ली, 22 जुलाई (भाषा)।

रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) को 7,500 रुपए से अधिक का मासिक रखरखाव शुल्क देने वाले फ्लैट मालिकों को अब 18 फीसद माल व सेवा कर (जीएसटी) भी देना होगा। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को यह बात कही।

नियमों के अनुसार यदि प्रति फ्लैट मासिक शुल्क 7,500 रुपए से अधिक बैठता है और सेवाओं और वस्तुओं की आपूर्ति के जरिये आरडब्ल्यूए का सालाना कारोबार 20 लाख रुपए से अधिक होता है, तो आरडब्ल्यूए को अपने सदस्यों से जीएसटी का संग्रह करना होगा। यदि यह शुल्क 7,500 रुपए से अधिक है तो पूरी राशि पर ही जीएसटी लगेगा।

यदि किसी व्यक्ति के हाउसिंग सोसायटी या आवासीय परिसर में दो या अधिक फ्लैट हैं तो 7,500 बाकी पेज 8 पर

## दरअसल




## सूचना अधिकार संशोधन बिल को लोकसभा ने दी मंजूरी

नई दिल्ली, 22 जुलाई (भाषा)।

लोकसभा ने सोमवार को सूचना का अधिकार संशोधन विधेयक 2019 को मंजूरी प्रदान कर दी। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने पारदर्शिता कानून के बारे में विपक्ष की चिंताओं को निर्मूल करार देते हुए कहा कि मोदी सरकार पारदर्शिता, जन भागीदारी, सरलीकरण, न्यूनतम सरकार-अधिकतम सुशासन को लेकर प्रतिबद्ध है।

मंत्री के जवाब के बाद एआइएमआइएम के असदुद्दीन ओवैसी समेत कुछ सदस्यों ने विधेयक पर विचार किए जाने और इसके पारित किए जाने का विरोध किया और मतविभाजन की मांग की। सदन ने इसे 79 के मुकाबले 218 मतों से अस्वीकार कर दिया। इसके बाद सदन ने विधेयक को मंजूरी प्रदान की।

इस विधेयक में उपबंध किया गया है कि मुख्य सूचना आयुक्त व सूचना आयुक्तों और राज्य बाकी पेज 8 पर



## मानवाधिकार संरक्षण संशोधन बिल भी पारित

नई दिल्ली, 22 जुलाई (भाषा)।

संसद ने सोमवार को मानवाधिकार संरक्षण संशोधन विधेयक 2019 को मंजूरी दे दी और सरकार ने भरोसा जताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग व राज्य मानवाधिकार आयोगों को अधिक सक्षम बनाने में विधेयक के प्रावधानों से मदद मिलेगी। राज्यसभा में विपक्षी दलों ने प्रस्तावित संशोधन से मानवाधिकार आयोग की संस्था के कमजोर होने की आशंका व्यक्त करते हुए संशोधन विधेयक के प्रावधानों पर सरकार से फिर विचार करने की मांग की।

राज्यसभा ने विधेयक को चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के कुछ सदस्यों की इन बाकी पेज 8 पर

**छलांग** तेजोमंडल की जानकारी जुटाएगा सूर्ययान ‘आदित्य एल-1’

# अगले साल भारत का सूर्य अभियान

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 22 जुलाई।

‘चंद्रयान-2’ के प्रक्षेपण के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की 2020 की पहली छमाही में सूरज के परिमंडल के अध्ययन के लिए सूर्य मिशन ‘आदित्य एल-1’ को अंजाम देने की योजना है। ‘आदित्य एल-1’ का लक्ष्य सूर्य के तेजोमंडल (परिमंडल) का अध्ययन करने का होगा, जिसमें हजारों किलोमीटर तक फैली सूर्य की बाहरी परत है। इसका मकसद यह पता लगाना है कि सूर्य के सतह के तापमान 6000 कैलविन से कोरोना का तापमान 300 गुना ज्यादा क्यों है, जबकि कोरोना इससे काफी ऊपर है।

इसरो ने मिशन के बारे में सूचना साझा करते हुए अपनी वेबसाइट पर कहा, ‘परिमंडल कैसे इतना गर्म हो जाता है, सौर भौतिकी में इसका उत्तर अब तक नहीं मिला है।’ इसरो के प्रमुख के सिवन ने कहा कि मिशन को 2020 की पहली छमाही में प्रक्षेपित करने की योजना है। सूर्य के परिमंडल का विश्लेषण इसलिए किए जाने की जरूरत है, क्योंकि जलवायु परिवर्तन पर इसका बड़ा प्रभाव है।

**इसरो** का सूर्य मिशन 2020 में, जलवायु परिवर्तन की गुत्थी सुलझेगी

सिवन अंतरिक्ष विभाग के सचिव भी हैं। उनके मुताबिक, ‘आदित्य एल-1’ अतिरिक्त प्रयोगों के साथ सूर्य के बाह्यमंडल, वर्णमंडल और परिमंडल का निरीक्षण उपलब्ध करा सकता है। के सिवन ने कहा कि आदित्य-एल1 पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर स्थित होगा। वहां से यह हमेशा सूर्य की ओर देखेगा। आदित्य-एल1, सूर्य के फोटोस्फीयर, क्रोमोस्फीयर और तेजोमंडल का अध्ययन कर सकता है। यह सूर्य से निकलने वाले विस्फोटक कणों का अध्ययन भी करेगा। इसरो के अनुसार यह कण पृथ्वी के नीचे वाले कक्ष में किसी काम के नहीं होते। इन्हें पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र से बाहर रखने की जरूरत है।

इसरो प्रमुख सिवन के मुताबिक, चंद्रयान-2 के बाद हम चंद्रमा पर एक और यान भेजेंगे। तीसरा चंद्रयान मिशन 2020 के अंत तक पूरा होगा। इसमें भारतीय रोबोट को चांद की सतह पर उतारा जाएगा, जो वहां जाकर विभिन्न प्रकार की जांच करेगा। के सिवन के मुताबिक, 2021 तक नासा और इसरो मिलकर अंतरिक्ष में दुनिया का सबसे महंगा अर्थ ऑब्जरवेशन सैटेलाइट स्थापित करेंगे। इस परियोजना का नाम है, नासा-इसरो सिंथेटिक बाकी पेज 8 पर

ओरियन्टल बैंक ऑफ़ कॉमर्स
(भारत सरकार का उपक्रम)
Oriental Bank of Commerce
(A Government of India Undertaking)
कॉरपोरेट कार्यालय, गुरुग्राम





30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही हेतु पुनरीक्षित वित्तीय परिणामों का सार (₹ लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | 30.06.2019 को समाप्त तिमाही (पुनरीक्षित) | 30.06.2018 को समाप्त तिमाही (पुनरीक्षित) | 31.03.2019 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | 563498 | 472958 | 2053677 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ / (हानि) (कर, अपवादात्मक तथा / या असाधारण मदों से पूर्व | 18268 | (81521) | (363077) |
| 3 | अवधि के लिए कर से पूर्व निवल लाभ / (हानि) (अपवादात्मक तथा / या असाधारण मदों के पश्चात) | 18268 | (81521) | (363077) |
| 4 | अवधि के लिए कर के पश्चात निवल लाभ / (हानि) (अपवादात्मक तथा /या असाधारण मदों के पश्चात) | 11268 | (39321) | 5499 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ / (हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) सहित][2] | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 6 | ईक्विटी शेयर पूंजी (₹ 10/- प्रति शेयर अंकित मूल्य) | 137021 | 63277 | 137021 |
| 7 | पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन पत्र में दर्शाए गए प्रारक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) | | | 1602972 |
| 8 | प्रति शेयर आय (₹10/-प्रति का) (जारी तथा बंद हुए परिचालनों के लिए) | | | |
| | मूल (₹ में) (वार्षिकीकृत नहीं) | 0.82 | (6.21) | 0.77 |
| | ह्रासित (₹ में) (वार्षिकीकृत नहीं) | 0.82 | (6.21) | 0.77 |

टिप्पणियां :
1 यह सेबी (सूचीकरण एवं अन्य प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में दर्ज किए गए तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का विस्तृत प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज(जों) की वेबसाइटों – www.bseindia.com/ www.nseindia.com एवं बैंक की वेबसाइट : www.obcindia.co.in पर भी उपलब्ध है ।
2 नए भारतीय लेखा मानक (इन्ड ए.एस.) अभी भारत में बैंकों पर लागू नहीं हैं ।

स्थान: गुरुग्राम
दिनांक: 22 जुलाई, 2019

(बालकृष्ण अल्से एस.) कार्यकारी निदेशक
(विजय दुबे) कार्यकारी निदेशक
(मुकेश कुमार जैन) प्रबंध निदेशक एवं सीईओ




हमारी वेबसाइट: www.obcindia.co.in या कॉल करें 0120-2580001 या 1800-180-1235 एवं 1800-102-1235 (टोल फ्री)
हमसे जुड़ें ओबीसी इंडिया

# कामयाबी की उड़ान

भारत ने सोमवार को चंद्रयान-2 के सफल प्रक्षेपण को अंजाम देकर अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक और बड़ी छलांग लगा दी। यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और देश के दूसरे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थानों के वैज्ञानिकों के अथक परिश्रम का ही परिणाम है कि चंद्रयान-2 मिशन की सफलता ने भारत को दुनिया के उन देशों की कतार में खड़ा कर दिया है जिनके यान चंद्रमा की सतह पर उतरे हैं। सितंबर के पहले हफ्ते में चंद्रयान-2 का लैंडर चांद की सतह पर उतरने के साथ अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन जाएगा। पिछले हफ्ते अचानक आई तकनीकी गड़बड़ी की वजह से जब चंद्रयान-2 अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रवाना नहीं हो पाया था तो इस घटना को भारत के लिए एक बड़ा झटका माना गया था। लेकिन यह ऐसी कोई गड़बड़ी नहीं थी जिसे भारत के चंद्रयान-2 मिशन की असफलता के रूप में देखा जाता। चंद्रयान को ले जाने वाले रॉकेट 'बाहुबलि' में ईंधन भरते समय रिसाव का पता चल गया था, जिस वजह से इसका प्रक्षेपण टालना पड़ा था। अब चंद्रयान-2 पृथ्वी की कक्षा में चक्कर काट रहा है और सत्रह दिन बाद यह चंद्रमा की कक्षा के पथ पर बढ़ेगा।

अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारतीय वैज्ञानिकों ने हमेशा से अपनी प्रतिभा और क्षमताओं का लोहा मनवाया है। चंद्रमा शुरू से ही वैज्ञानिकों के लिए गहरी दिलचस्पी और शोध का विषय रहा है। माना जाता है कि धरती की उत्पत्ति से जुड़े रहस्य चांद में छिपे हैं। दुनिया में अब तक जितने भी अंतरिक्ष मिशन दूसरे ग्रहों की ओर भेजे गए हैं, उनका मकसद ब्रह्मांड के बारे में आंकड़े और तस्वीरें जुटाना रहा है, ताकि सृष्टि के रहस्यों पर से परदा उठ सके। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने पिछले तीन-चार दशकों में जिस तेजी से तरक्की है, चंद्रयान और मंगल मिशन जैसे सफल अभियान उसी का परिणाम हैं। चंद्रयान मिशन भारत का पुराना मिशन रहा है और 2008 में भारत ने जो चंद्रयान-1 चांद की कक्षा में भेजा था, उसी से पहली बार धरती के इस उपग्रह पर पानी की मौजूदगी के संकेत मिले थे।

भारत का चंद्रयान-2 मिशन सबसे महत्त्वपूर्ण और जटिल इसलिए भी है कि इस यान को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर एटकेन बेसिन नामक जिस स्थान पर उतरना है वहां आज तक कोई अंतरिक्ष यान नहीं पहुंचा है। मौसम के लिहाज से भी यह स्थान काफी चुनौती भरा है। इसके अलावा चंद्रमा पर धूल के गुबार भी बड़ी समस्या हैं। ऐसे में चंद्रयान-2 के लैंडर और रोवर में जो उपकरण लगे हैं, वे सही से काम करते रहें, वैज्ञानिकों के लिए यह बड़ी चुनौती है। चंद्रयान-2 मिशन की सबसे बड़ी विशेषता तो यह है कि इसके निर्माण में ज्यादातर योगदान भारतीय संस्थानों और कंपनियों का ही रहा है। इसके लिए भारत को दूसरे देशों का मुंह नहीं ताकना पड़ा। रोवर आइआइटी-कानपुर में विकसित किया गया है जिसे पानी और खनिजों के बारे में जानकारी जुटानी है। भारत में अंतरिक्ष कार्यक्रम की नींव छठे दशक की शुरुआत में पड़ी थी जब 1963 में पहली बार थुंबा से रॉकेट छोड़ा गया था और उस रॉकेट को प्रक्षेपण स्थल तक हमारे वैज्ञानिक साइकिल पर लाद कर ले गए थे। तब कोई सुविधाएं नहीं थीं। इसरो का गठन 1969 में हुआ। सच्चाई तो यह है कि हमारे वैज्ञानिकों और विज्ञान व प्रौद्योगिकी संस्थानों को पैसे की भारी कमी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अगर चंद्रयान-2 जैसे मिशन कामयाब हो रहे हैं तो इस श्रेय का हकदार सिर्फ हमारे देश का वैज्ञानिक समुदाय है।

# समांतर डिग्री

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से यह बहस जारी है कि अगर कोई विद्यार्थी एक सत्र में दो पाठ्यक्रमों की पढ़ाई करना चाहता है तो उसे इसकी इजाजत क्यों नहीं मिलनी चाहिए! लेकिन अब तक इसे एक व्यावहारिक हल नहीं माना गया है और फिलहाल नियमों के मुताबिक एक विद्यार्थी एक शैक्षिक सत्र में किसी एक ही पाठ्यक्रम में पढ़ाई कर सकता है और उसी की डिग्री वैध मानी जाएगी। उसे पूरा करने के बाद ही वह किसी अन्य पाठ्यक्रम में दाखिला लेकर उसकी डिग्री ले सकता है। मगर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अब एक बार फिर इस विचार की व्यावहारिकता का अध्ययन कर रहा है कि विद्यार्थी एक ही या विभिन्न विश्वविद्यालयों से एक साथ अलग-अलग डिग्रियां हासिल कर सकते हैं या नहीं! इस संबंध में यूजीसी ने विश्वविद्यालय या अलग-अलग विश्वविद्यालयों से पत्राचार, ऑनलाइन या अंशकालिक तरीके से एक साथ दो डिग्रियों की पढ़ाई करने के मुद्दे का परीक्षण करने के लिए एक समिति बनाई है। अब देखना है कि इस समिति के निष्कर्ष क्या सामने आते हैं।

गौरतलब है कि करीब सात साल पहले यानी 2012 में यूजीसी ने एक समिति बनाई थी, जिसमें इस मसले पर विचार-विमर्श हुआ था। लेकिन कई स्तरों पर इस विचार को अव्यावहारिक पाया गया था और तब इसे खारिज कर दिया गया था। करीब डेढ़ साल पहले यूजीसी ने साफतौर पर कहा था कि इस बारे में विशेषज्ञों की जो राय आई है, वह विद्यार्थियों को एक साथ दो डिग्री की पढ़ाई करने देने की इजाजत के विचार का समर्थन नहीं करती है। बल्कि अक्सर ऐसी खबरें आती रही हैं कि किसी विद्यार्थी ने या तो जानकारी के अभाव में या फिर चोरी-छिपे एक साथ दो नियमित पाठ्यक्रमों में दाखिला ले लिया, लेकिन बाद में किसी तरह की अड़चन खड़ी होने और जांच होने पर दोनों डिग्रियों की वैधता कठघरे में खड़ी हो गई। इससे इतर 2012 में ही हैदराबाद के तत्कालीन कुलपति फुरकान कमर की अगुआई वाली समिति ने सिफारिश की थी कि नियमित तरीके के तहत भी डिग्री कार्यक्रम में दाखिला पाने वाले विद्यार्थी को उसी या अन्य विश्वविद्यालय से मुक्त या दूरस्थ शिक्षा के जरिए अधिकतम एक अतिरिक्त डिग्री की पढ़ाई की इजाजत दी सकती है।

यानी इस मसले पर पिछले कई सालों से दो समांतर पक्ष रहे हैं। जहां इसे संभव बताने वाले विद्यार्थियों की सुविधा और क्षमता के मद्देनजर उन्हें यह सुविधा मुहैया कराने की वकालत करते रहे हैं, वहीं इसकी व्यावहारिकता को मुश्किल मानने वालों का पक्ष यह है कि एक साथ दो पाठ्यक्रमों की पढ़ाई के दौरान शैक्षिक संस्थान में आने-जाने के अलावा प्रशासनिक और अकादमिक समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। सच यह है कि बढ़ती बेरोजगारी के दौर में समांतर दो डिग्रियां हासिल करने को वक्त की जरूरत के तौर पर देखा जाने लगा है। यानी एक विद्यार्थी अगर अपनी जरूरतों के मद्देनजर या सक्षम होने के नाते एक साथ सुविधा से दो पाठ्यक्रमों की डिग्रियां हासिल करने की कोशिश करना चाहता है तो उसे यह सुविधा मिलनी चाहिए। कई बार ऐसा होता है कि किसी विद्यार्थी ने कोई पेशेवर पाठ्यक्रम की डिग्री तो हासिल कर ली लेकिन उसके पास स्नातक का प्रमाण-पत्र नहीं होता। नतीजतन, हुनर होने के बावजूद उसका नुकसान हो जाता है और स्नातक के लिए उसे अलग से पढ़ाई करनी पड़ती है। दूसरी ओर, कोई विद्यार्थी स्नातक के साथ कोई पेशेवर पाठ्यक्रम भी पूरा करता है तो उसका काफी कीमती वक्त बच सकता है। इसी हकीकत के मद्देनजर शिक्षाविदों और नीति-निर्माताओं ने दोहरी डिग्री शिक्षा व्यवस्था की वकालत की है। लेकिन अब यह देखने की बात होगी कि यूजीसी की ओर से गठित समिति किस निष्कर्ष पर पहुंचती है।

## कल्पमेधा

सच्चा प्रेम नाप-तौल नहीं करता,
वह सिर्फ दिया जाता है।
-मदर टेरेसा

# किसान और भूमि कानून

भगवती प्रसाद डोभाल

**देश को एक नई भूमि व्यवस्था की जरूरत है ताकि बढ़ती आबादी की खाद्यान्न जरूरतें पूरी की जा सकें और खाद्यान्न में हम हमेशा आत्मनिर्भर बने रहें। इसके लिए देश में भूमि व्यवस्था का समान कानून हो तो किसानों की समस्याएं कम की जा सकती हैं। यह किसी पहाड़ी या मैदानी प्रांत का विषय नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे पूरे देश के संदर्भ में देखे जाने की जरूरत है।**

देश में जनसंख्या बढ़ने के साथ-साथ परिवार भी बंटते चले गए। जो कभी एक परिवार था, दो-तीन पीढ़ियों के बाद वह कई परिवारों में बंट गया। इसका परिणाम यह हुआ कि परिवारों के बीच जमीन का बंटवारा भी तेजी से होने लगा। इसका सबसे बड़ा दुष्प्रभाव यह सामने आया कि खेती करने में कठिनाई आने लगी और भूमि के टुकड़े-टुकड़े होने से उपज भी प्रभावित होने लगी।

मैदानी हिस्सों में यह समस्या विकराल नहीं हुई है, पर आने वाले समय में यह समस्या बढ़ेगी। इसलिए गांव में हर परिवार खेती पर आश्रित नहीं रह पाएगा। इस आने वाली समस्या पर नीति निर्माताओं को ठोस दिशा-निर्देश तय करने होंगे, ताकि उन पर सही अमल हो सके। विकसित देशों ने इस समस्या के हल में एक निश्चित प्रतिशत को ही खेती करने का काम सौंपा है। जबकि हमारे यहां रोजगार के ऐसे साधन नहीं जुटे हैं, जिनके हिसाब से खेती करने के लिए जनसंख्या का निश्चित अनुपात हो और बाकी अन्य धंधों से जीवनयापन कर सकें। यही समस्या है जो आए दिन किसानों को आत्महत्या करने के लिए मजबूर कर रही है।

यह समस्या पूरे भारत की है। किसान आत्मनिर्भर नहीं हो पा रहे हैं। जिन संसाधनों की खेती करने में जरूरत पड़ती है, उन्हीं को जुटाते हुए अच्छी उपज की आस लिए किसान कर्ज पर कर्ज लेता है, यह सोच कर कि फसल अच्छी होगी तो कर्ज निपटा देगा। लेकिन मौसम की मार या अन्य कारणों से उपज इतनी नहीं हो पाती जिससे बैंकों का कर्ज चुका सके। साथ ही, बाजार किसान के हाथ में नहीं होता, बिचौलिए ही अपनी जेबें भरते रहते हैं। किसान को उसका समर्थन मूल्य तक नहीं मिल पाता। यह परेशानी पूरे देश के किसानों की है। दूसरी तरफ पर्वतीय क्षेत्रों के किसानों की भूमि कहीं समतल तो कहीं सीढ़ीदार होने के कारण टुकड़ों-टुकड़ों में बंटने से उन्हें कोई आमद नहीं हो पा रही है। एक जगह पर समुचित भूमि के अभाव में पैदावार नहीं हो पाती है। तराई के क्षेत्रों को छोड़ कर, क्योंकि उन स्थानों पर खेत इतनी तेजी से नहीं विभाजित हुए हैं जितनी तेजी से पहाड़ी इलाकों में हुए हैं। कुछ उद्यानों को छोड़ कर जैसे चंबा मसूरी का फ्रूट बेल्ट लोगों को बाद में आबंटित हुआ था, इसी तर्ज पर और फल-पट्टियां हैं जो एक ही किसान के पास होने से उसकी आजीविका का साधन है। लेकिन उनकी देखरेख भी सही नहीं है।



इसी संदर्भ में पिछले दिनों उत्तराखंड में एक नया भूमि कानून पास हुआ जो वहां के भूमि प्रयोग को प्रभावित करेगा। इस कानून के तहत उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम 1950 में बदलाव किया गया है। इस बदलाव से उत्तराखंड का किसान अपने को सुरक्षित नहीं महसूस कर रहा है। कारण यह है कि उद्योगों या किसी परियोजना के लिए उसकी जमीन का अधिग्रहण औने-पौने दामों में हो सकता है।

इस कानून के अंतर्गत धारा-143, जो कृषि भूमि को गैर कृषि के लिए अधिकृत की जा सकती है, को इसमें सम्मिलित किया गया है। इस संशोधन से किसानों पर यह प्रभाव पड़ेगा कि जिस खेत का इस्तेमाल वे खेती के लिए कर रहे थे, उसको अन्य कार्यों के लिए अधिकृत किया जा सकता है, यानी उपज देने वाली जमीन अन्य उद्योग-धंधों को खोलने के लिए इस्तेमाल की जा सकती है। इसी तरह धारा-154 पहले साढ़े बारह एकड़ से अधिक भूमि को प्रदेश में खरीदने से रोकती है। अब इसमें संशोधन करके उप धारा-2 जोड़ने से पर्वतीय क्षेत्र में भूमि की खरीद के लिए कोई सीमा नहीं होगी। यानी किसान अपने खेतों से उद्योगों के नाम पर बेदखल हो सकता है।

उत्तराखंड जब बना था, तब बाहरी लोगों द्वारा भूमि खरीदने की आशंका को देखते हुए तत्कालीन सरकार साल 2002 में हिमाचल के भूमि कानून के अनुसार अध्यादेश लाई थी। बाद में सरकार ने बहुगुणा समिति का गठन किया था। इस कमेटी ने तत्कालीन अध्यादेश में सम्मिलित प्रावधानों की समीक्षा कर उसमें जुड़े कठोर नियमों को सरल कर दिया था। इसके कारण उत्तराखंड के शहरी क्षेत्रों में बेरोकटोक भूमि व्यापार का धंधा चल निकला। इसके बावजूद सरकार ने एक व्यवस्था कर दी थी कि ग्रामीण क्षेत्र में जो व्यक्ति मूल अधिनियम धारा-129 के तहत जमीन का खातेदार न हो, वह बिना अनुमति के पांच सौ वर्गमीटर से अधिक जमीन नहीं खरीद सकता है। बाद में इसकी सीमा घटा कर ढाई सौ वर्गमीटर तय कर दी गई। अब नए संशोधनों के बाद बाहरी व्यक्ति के लिए भूमि खरीदने के लिए कोई रुकावट नहीं है।

पहाड़ में कम जोत वाला व्यक्ति आर्थिक दबाव में आनन-फानन में भूमिहीन हो सकता है। अब भूमि की खरीद-फरोख्त में कोई सीमा न होने से गरीब किसान मजबूरन भू-माफियाओं के चंगुल में फंस सकता है। यह काम इस कानून के आने से पहले भी चोरी-छिपे होता आ रहा है। स्थानीय किसान या उत्तराखंड के निवासी को भागीदार बना कर कई परियोजनाएं उत्तराखंड में चल रही हैं। उत्तराखंड को बने हुए अठारह साल बीत चुके हैं। इसके बावजूद इसके विकास के लिए कोई ठोस योजना न बनी और न उसकी तैयारी है। इस कारण उत्तराखंड विकास की उस तस्वीर को पेश नहीं कर पाया, जिसकी वहां के लोगों को जरूरत है।

इसका नतीजा यह हुआ है कि कल तक जो खेत अन्न उपजाते थे, वे जंगल बनते जा रहे हैं। इसलिए रोजी-रोटी की तलाश में लोग गांव छोड़ कर शहरों का रुख कर रहे हैं। इस पलायन से पहाड़ खाली हो रहे हैं। जो अभी पहाड़ों में रुके हैं वे जंगली जानवरों की आबादी में इजाफे से परेशान हैं। जंगली जानवर खेतों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इन्हीं मुद्दों को देखते हुए पहाड़ों के खेतों की चकबंदी की बहुत जरूरत है। यदि एक परिवार के खेत एक जगह पर मिल जाएं तो वे उन खेतों में पैदा होने वाली फसलों की सुरक्षा करने में सक्षम हो सकते हैं। उन्हें मीलों दूर दूसरे खेत में नहीं जाना पड़ेगा। अभी होता यह है कि जो परिवार गांव में रह रहा है और खेती कर रहा है, उसे अपने एक दूसरे खेत में जाने में ही पूरा दिन खोना पड़ता है, वह अच्छी तरह से खेतों में पैदा होने वाली फसल की देखभाल आसानी से नहीं कर पाता।

एक और उपाय है पहाड़ों को हरा-भरा रखने का, जिस पर भी गंभीरता से विचार कर लागू करने की जरूरत है। पूरे पर्वतीय प्रदेश में सिंचाई सुविधा सुलभ करने की जरूरत है। जब इजराइल अपनी बंजर भूमि को हरा-भरा कर सकता है, तब हम क्यों नहीं कर सकते! लगातार पहाड़ी दरियाओं, प्राकृतिक स्रोतों और झरनों से पानी बहता जाता है, उसका उपयोग हम नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए देश को एक और हरित क्रांति की जरूरत है। खेती की सिंचाई के लिए नई-नई तकनीक की जरूरत है। देश के खाद्यान्न भंडारण के लिए जरूरी है कि कृषि को प्राथमिकता दी जाए। किसानों की आत्महत्या रोकने के लिए गंभीर उपायों की जरूरत है। इसके लिए जरूरी है कि कृषि भूमि पर कोई उद्योग खड़ा न किया जाए, ताकि कृषि की उपज प्रभावित न हो।

देश को एक नई भूमि व्यवस्था की जरूरत है, ताकि बढ़ती आबादी की खाद्यान्न जरूरतें पूरी की जा सकें और खाद्यान्न में हम हमेशा आत्मनिर्भर बने रहें। इसके लिए देश में भूमि व्यवस्था का समान कानून हो तो किसानों की समस्याएं कम की जा सकती हैं। यह किसी पहाड़ी या मैदानी प्रांत का विषय नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे पूरे देश के संदर्भ में देखे जाने की जरूरत है।

# बर्तन पर नाम

अमित चमड़िया

**दुनिया मेरे आगे**

जब हम सामाजिक सहयोग और एक-दूसरे पर निर्भरता के समाज की बात करते हैं तो हमें आज भी ग्रामीण इलाकों का ही हवाला देना पड़ता है। एक संदर्भ आस-पड़ोस के लोगों के बीच बर्तनों के आदान-प्रदान का रहा है। लेकिन अब समाज के उस स्वरूप में बदलाव आ रहा है। मां अब बर्तन पर बाऊजी का नाम नहीं लिखवाती हैं, क्योंकि अब हमारे घर के बर्तन सिर्फ 'हमारे' हैं। मां बताती हैं कि पहले आस-पड़ोस और घर के पास में रहने वाले रिश्तेदारों के यहां कुछ खाने-पीने के सामान भेजना और उनके यहां से इसी तरह आना आम बात थी। कभी किसी ने चटपटी सब्जी बना ली या किसी ने अच्छी मिठाई बना ली तो वह पड़ोस में या नजदीक में रहने वाले सगे-संबंधी या फिर पड़ोसी को जरूर इसका स्वाद चखाता था।

संयुक्त परिवार के कई छोटे परिवार में बंट जाने से जब लोग एक ही मकान में अलग-अलग रहने लगते थे तो उन लोगों के बीच भी भोजन का आदान-प्रदान होना सामान्य बात होती थी। इससे बर्तन के एक दूसरे के यहां के बर्तनों में मिल जाने की संभावना ज्यादा रहती थी। दरअसल, कई बार आसपास के अनेक घरों में बाजार से खरीदे गए बर्तन एक ही तरह के होते थे। ऐसी स्थिति में बर्तनों की एक ही शक्ल होने से उन पर गुदे हुए नाम ही उनकी पहचान होते थे। समारोह आदि में भी घर के बर्तन एक-दूसरे की जरूरत में काम आते थे। भारतीय परिवार चूंकि ज्यादातर पुरुष प्रधान होते हैं, इसलिए बर्तन पर किसी घर के मुखिया का नाम लिखवाने की परंपरा रही है।

मेरे एक मित्र बताते हैं कि उनके यहां घर के बड़े बर्तन और चौकी-खटिया आदि पर लाल या हरे रंग के विशिष्ट निशान लगा दिए जाते थे, ताकि शादी या अन्य बड़े समारोह में जब ये सामान दूसरे घरों में जाते थे तो सामान मंगाने वाले को यह पहचानने में आसानी होती थी कि फलां चीज किसके घर से आई है। एक अन्य मित्र कहते हैं कि हमारे मोहल्ले में आज भी लोग किसी आयोजन पर मेरे घर से बर्तन ले जाते हैं। इसलिए हमारे घर के बर्तन को भी एक पहचान मिली हुई है रंगों के निशान से और पिताजी के नाम से।

मगर नई पीढ़ी बर्तन को पहचान देने की परंपरा पर थोड़ा आश्चर्य करती है। उसे यह बड़ा अटपटा लगता है जब कोई बर्तन पर नाम गुदाता है। अब गांव में भी शादी या अन्य किसी समारोह के लिए जरूरत के बर्तन भाड़े पर मिल जाते हैं। लोग भाड़े के बर्तन लेने में ज्यादा सहज महसूस करते हैं। इसलिए भाड़े पर बर्तन देने की दुकान भी हर जगह दिखाई पड़ जाती है। आपस में खाने-पीने की चीजों का आदान-प्रदान भी लगभग खत्म हो गया है। अगर कभी जरूरत पड़ी भी तो लोग 'डिस्पोजल' यानी एक ही बार प्रयोग में आने वाले बर्तन से काम चलाते हैं। यों ये 'डिस्पोजल' बर्तन पर्यावरण के लिए ठीक नहीं हैं, लेकिन बाजार ने इन्हें हमारी सुविधा का हवाला देते हुए आवश्यक बना दिया है। इसके बीच वर्तमान में समाज के 'विकास' की जो दिशा है, उसमें आपसी मेलजोल का भाव कम नजर आता है।

समाज में बर्तन पर नाम लिखवाने की एक और वजह मिलती है। जब घर के किसी बड़े-बुजुर्ग की मृत्यु हो जाती है तो उस समय लोगों को स्मृति चिह्न के रूप में या दान स्वरूप बर्तन दिए जाते हैं। उस बर्तन पर भी मरने वाले का नाम गुदा रहता है, ताकि उसे लंबे समय तक याद रखा जा सके। यह परंपरा आज भी भारत के कुछ मध्यवर्गीय परिवारों में जारी है, लेकिन अब यह सामूहिकता का बोध नहीं कराती है।

राजस्थान के मारवाड़ क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले समुदायों के बीच बर्तन पर नाम लिखवाने का चलन ज्यादा है क्योंकि वे मारवाड़ क्षेत्र से जिस भी नई जगह पर बसने गए, वहां संगठित होकर रहने लगे। उनमें आपस में मेलजोल ज्यादा होने लगा। फलस्वरूप खाने-पीने की चीजों का आदान-प्रदान भी होने लगा। बर्तन के एक-दूसरे के यहां मिल जाने या खो जाने के डर से लोग अपने-अपने बर्तन पर घर के मुखिया का नाम लिखवाने लगे, ताकि बर्तन पहचानने में आसानी रहे। अब इस समुदाय के लोग भी समाज के 'विकास' की दिशा के साथ चल रहे हैं, जिसके चलते अब इन्हें भी नए खरीदे बर्तन पर नाम लिखवाने के जरूरत महसूस नहीं होती है।

भारतीय समाज में कुछ परंपराएं ऐसी रही हैं, जिनके गुण-दोष पर चर्चा हो सकती है, पर साथ ही उनमें से कई हमारे संजीदा होने का प्रमाण भी देती हैं और एक सुखद अहसास कराती है। बर्तन पर नाम लिखवाने का चलन भी उनमें से एक है।

## जल और कल

जीवन के लिए सबसे अहम प्राकृतिक संसाधन जल है। आगामी दशकों में यह विश्व के कई क्षेत्रों में गंभीर अभाव की स्थिति में चला जाएगा। हालांकि जल पृथ्वी में सबसे अधिक मात्रा में पाया जाता है, फिर भी यह समान रूप से वितरित नहीं है। अक्षांश में परिवर्तन, वर्षा के तरीके (पैटर्न), स्थलाकृति आदि इसकी उपलब्धता को प्रभावित करते हैं। जल एक ऐसी संपदा है जिसका किसी तकनीकी प्रक्रिया के माध्यम से, जब जी चाहे तब उत्पादन या संचयन नहीं हो सकता। मूल रूप से पृथ्वी पर कुल मिलाकर अलवण जल और समुद्री जल की मात्रा स्थायी रूप से तय है।

जो अलवण जल हमारे जीवन के लिए इतना जरूरी है, उसकी मात्रा पृथ्वी पर पाए जाने वाले पानी की कुल मात्रा की केवल 2.7 फीसद है। इस दो प्रतिशत का लगभग सारा भाग बर्फ की चोटियों, हिमनदों (ग्लेशियरों) और बादलों के रूप में पाया जाता है। अलवण जल का शेष बचा हुआ थोड़ा-सा भाग झीलों और भूमिगत स्रोतों में सदियों से एकत्रित है। वर्षा का लगभग 85 फीसद जल प्रत्यक्ष रूप से समुद्र में गिरता है और भूमि में कभी नहीं पहुंच पाता है। वर्षा का जो शेष भाग भूमि पर गिरता है, वह झीलों और कुओं को भर देता है और नदियों के प्रवाह को बढ़ाता रहता है। समुद्री जल के प्रत्येक 50,000 ग्राम के सामने सिर्फ एक ग्राम अलवण जल मानव जाति को उपलब्ध है। इस कारण जल एक दुर्लभ और अनमोल संसाधन के रूप में सामने आता है।

भारत में स्थिति अभी भी अत्यंत खराब है। हालांकि भारत विश्व के सबसे आर्द्र देशों में से एक है पर इसमें जल का वितरण समय और स्थान के आधार पर बहुत असमान है। हमारे यहां औसतन 1150 मिलीमीटर वार्षिक वर्षा होती है, जो संसार में किसी भी समान आकार के देश के मुकाबले में सबसे अधिक है। पर इस बड़ी मात्रा की वर्षा का वितरण असमान है। उदाहरण के लिए, एक वर्ष में औसतन वर्षा के दिनों की संख्या केवल 40 है इसलिए वर्ष का शेष लंबा भाग सूखा रहता है। इसके अलावा, जहां उत्तर-पूर्व के कुछ क्षेत्रों में वर्षा तेरह मीटर तक होती है, वहीं राजस्थान के कुछ क्षेत्रों में 20 सेंटीमीटर से अधिक वर्षा नहीं होती।

इससे स्पष्ट है कि वर्षा के इस असमान वितरण के कारण देश के कई भागों में पानी का भीषण अभाव रहता है। इसके मद्देनजर जहां तक हो सकेहमारे लिए जल का व्यापक संरक्षण बहुत जरूरी है।

● *रितेश कुमार उपाध्याय, संत कबीर नगर*

**किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश**

**आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com**

## हिमा की उपलब्धि

डिंग एक्सप्रेस के नाम से मशहूर 'गोल्डन गर्ल' हिमा दास ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए स्वर्ण पदकों की बौछार कर दी। उन्होंने पिछले पंद्रह दिनों के भीतर अलग-अलग अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में पांच स्वर्ण पदक जीत कर भारत का नाम इतिहास के पन्नों में स्वर्णाक्षरों में अंकित कर दिया। उन्नीस वर्षीय हिमा इतने कम समय में इतनी सारी उपलब्धियों को हासिल कर देश को गौरवान्वित किया है। यदि उन्हें 'हवा परी' की संज्ञा दी जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। उन्होंने देश के प्रति अपनी संवेदनाओं और भावना का इजहार करते हुए अपना आधा वेतन असम बाढ़ राहत कोष में भी देने का ऐलान किया है। संघर्षों और चुनौतियों से भरा उनका जीवन हर भारतीय के लिए प्रेरक है। पूरे भारत को अपनी इस जांबाज खिलाड़ी पर नाज है।

● *संस्कृति चौधरी, सहरसा, बिहार*

## जाधव को इंसाफ

कुलभूषण जाधव को लेकर हेग अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का फैसला भारत के पक्ष में आना साबित करता है कि पाकिस्तान में न्यायतंत्र सेना के हाथ की कठपुतली है। पाकिस्तान ने निर्दोष जाधव को अपनी कैद में रखते हुए फांसी की सजा सुनाई थी। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का जो फैसला आया है, उसमें भारत के लिए तब और बड़ी खुशी की बात होनी थी जब जाधव को रिहा करने का आदेश पाकिस्तान को दिया जाता। खैर, अब देखना होगा कि पाकिस्तान के कट्टरपंथी इस फैसले के बाद अपनी घटिया और मानवता विरोधी कम करते हैं या फिर ढाक के तीन पात का अनुसरण करते हुए अपने सत्ताधारियों और सेना पर दबाव बना कर भारत के प्रति जहर उगलने के लिए उकसाते हैं।

भारत को इस बात का भी खयाल रखना होगा कि अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के इस फैसले के बाद पाकिस्तान बौखलाहट में आकर अपनी नापाक हरकतों में तेजी ला सकता है। भारत को पाक जेलों में बंद भारतीयों पर भी कड़ी नजर रखने के उपाय करने होंगे, यह न हो पाकिस्तान जाधव के फैसले की बौखलाहट में आकर उन्हें परेशान करने की कोशिश करे। वैसे इमरान खान को चाहिए कि खुद ही समझदारी बरतते हुए जाधव मामले में विश्व में अपनी किरकिरी होने से बचाने के लिए उन्हें बिना किसी देरी और शर्त के रिहा करके भारत को सौंप दें। पर यह नामुमकिन लगता है क्योंकि इमरान खान भी तो वहां के कट्टरपंथियों और सेना के ही हाथों की कठपुतली हैं। ऐसे में यह भी संभव है कि पाकिस्तान नया पैंतरा अपना कर जाधव को फांसी का फैसला वापस ले ले। अंत में यह कहना उचित होगा कि जब तक पाकिस्तान के कट्टरपंथी भारत के प्रति अपनी घटिया मानसिकता नहीं बदलते, तब तक भारत-पाकिस्तान के रिश्ते मधुर नहीं हो सकते।

● *राजेश कुमार चौहान, जालंधर*

## समेकित विकास

दुनिया के कुल 130 करोड़ गरीबों में से आधे 18 साल से कम उम्र के हैं और उनमें भी दस साल से कम उम्र वाले बच्चों की तादाद लगभग एक तिहाई है। क्या इन नए आंकड़ों के मद्देनजर केंद्र सरकार अपनी आर्थिक विकास पर आधारित नीतियों की जगह समेकित विकास की नीति लाने की कोशिश करेगी? ऐसा करने का मतलब होगा किसी गांव या शहर की गरीब बस्ती में आय बढ़ाने के साथ ही बिजली, पानी, शिक्षा, रसोई गैस, अस्पताल आदि की सुविधा मुहैया कराना। हैरानी की बात है कि नई परिभाषा के तहत गरीबी केवल निर्धन, निम्न या निम्न-मध्य आय वाले देशों में ही नहीं, मध्यम आय वाले देशों में भी बड़ी संख्या में है। यानी 130 करोड़ में 88.6 करोड़ गरीब हैं। यह सरकारों के लिए संदेश है कि आय तो बढ़ाएं, लेकिन इससे बहुआयामी अभाव को भी कम करने के उपक्रम करें।

● *हेमंत कुमार, गोराडीह, भागलपुर, बिहार*




## जरा हट के

स्वीडन की सारा संजोस्ट्रॉम ने विश्व तैराकी चैंपियनशिप में महिलाओं की 100 मीटर बटरफ्लाई के फाइनल में अपनी तैराकी से पहले खुद पर पानी डालते हुए।

## बोल

गैरकानूनी, अलौकिक प्रतिबंध ईरान और हमारे कई पड़ोसियों के सतत विकास लक्ष्यों की उपलब्धि के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं।
–मोहम्मद जावेद जरीफ, ईरान के विदेश मंत्री



## विवाद

यह हैं राष्ट्रपति (डोनाल्ड ट्रंप) जिन्होंने हमारे इतिहास में सबसे अधिक भ्रष्ट प्रशासन दिया है। वे हाल में चुनकर आईं चार सदस्यों पर नस्लवादी बयान दे रहे हैं, जो अश्वेत हैं। -ओमर, अमेरिकी सांसद



## सम-सामयिक

# हारमूज जलडमरूमध्य : वैश्विक गोलबंदी का नया अखाड़ा

जनसत्ता संवाद

हारमूज जलडमरूमध्य क्षेत्र या हारमूज की खाड़ी दुनिया का सबसे महत्त्वपूर्ण और सामरिक महत्त्व का समुद्री रास्ता है। ईरान और अमेरिका के बीच इन दिनों बढ़ रहे तनाव के कारण यह समुद्री नौवहन क्षेत्र चर्चा में है और दुनिया भर के देशों की निगाहें इस इलाके के घटनाक्रमों पर हैं। दरअसल, हारमूज जलडमरूमध्य क्षेत्र में हालात ज्यादा बिगड़े तो दुनिया भर में तेल की कीमतों पर असर पड़ेगा और अर्थव्यवस्था में भूचाल आ जाएगा।

इसका संकेत पिछले महीने मिला, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर हमले का आदेश दिया। वे हमले से पीछे हट गए, लेकिन दुनिया भर में कच्चे तेल के बाजार में जबरदस्त उछाल आ गया था। अब शुक्रवार को अमेरिका ने दावा किया कि उसके युद्धपोत ने खाड़ी क्षेत्र में एक ईरानी ड्रोन को मार गिराया है। हालांकि ईरान ने इसका खंडन किया। दूसरी तरफ, उसी दिन ईरान ने हारमूज क्षेत्र में एक ब्रितानी तेल टैंकर 'स्टेना इंपरो' को जब्त कर लिया। इस जहाज के चालक दल के सदस्यों में 18 भारतीय हैं। उन्हें छुड़ाने के मिशन में भारत सरकार जुटी है। दरअसल, इसी महीने जिब्राल्टर में ब्रितानी सैन्य बलों ने एक ईरानी तेल टैंकर को कब्जे में ले लिया था। माना जा रहा है कि इसी के बदले की कार्रवाई में ईरान ने ब्रितानी तेल टैंकर को पकड़ा।

इस तनाव की शुरुआत बीते साल हुई, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के साथ हुए परमाणु समझौते से बाहर करने का ऐलान किया। समझौता तोड़ने के बाद ट्रंप ने बीते साल नवंबर में ईरान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए। इसके बाद से लगातार दोनों देशों के रिश्तों में तनाव लगातार बढ़ा। ट्रंप ने ईरान को आतंकी राष्ट्र बताया। दूसरी ओर, ईरानी धर्म गुरु अयातोल्लाह खमेनई ने कहा कि हम अमेरिका पर न भरोसा करते हैं न करेंगे।

अमेरिका ने अपना युद्धपोत 'अब्राहम लिंकन' हारमूज की खाड़ी के पास भेज दिया, जिससे सैन्य गतिविधियां बढ़ीं। ईरान के द्वारा ब्रितानी तेल टैंकर को जब्त किए जाने के बाद ब्रिटेन और ईरान भी आमने-सामने आ गए हैं। इन हालात में भारत एक तो 'स्टेना इंपरो' के चालक दल के 18 सदस्यों को लेकर ईरान के संपर्क में है। दूसरा मोर्चा अर्थव्यवस्था का है। तेल की कीमतें स्थिर रहने से सरकार की सहूलियतें बनी रहेंगी। अगर जंग के हालात बनते हैं और कच्चे तेल के बाजार में खलबली देखी जाती है तो तेल के दाम बढ़ेंगे और ऐसे में सरकार के खजाने पर बोझ बढ़ेगा और इसका असर आम लोगों पर भी होगा। रेटिंग एजंसियों के मुताबिक, कच्चे तेल की कीमतें अगर 10 डॉलर प्रति बैरल बढ़ती हैं तो जीडीपी पर इसका 0.4 फीसद असर होता है और इससे चालू खाता घाटा 12 अरब डॉलर या इससे भी ज्यादा बढ़ सकता है।

इन हालात के मद्देनजर भारत ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से संपर्क किया है और तेल व एलपीजी की अबाध आपूर्ति का भरोसा मिला है। दरअसल, ईरान और यूएई के बीच संकरे समुद्री मार्ग (हारमूज जलडमरूमध्य) के रास्ते दुनिया के 20 फीसद कच्चे और परिशोधित तेल उत्पादों की आवाजाही होती है। इसी रास्ते से 25 फीसद एलएनजी की आपूर्ति भी होती है। भारत अपनी तेल जरूरतों का 83 फीसद आयात करता है और यह पूरी तरह से तेल और एलपीजी की ढुलाई के लिए इसी रास्ते पर निर्भर है।

हारमूज के एक ओर अमेरिकी समर्थक अरब देश हैं और दूसरी ओर ईरान। ओमान और ईरान के बीच के कुछ हिस्सों में तो यह खाड़ी सिर्फ .21 मील चौड़ी है। यहां दो समुद्री रास्ते हैं। एक जहाजों के जाने के लिए और एक आने के लिए। यह खाड़ी बेहद संकरी है, लेकिन इतनी गहरी है कि यहां से दुनिया के सबसे बड़े जहाज और तेल टैंकर आसानी से गुजर सकते हैं। मध्य-पूर्व से निकलने वाला तेल हारमूज के रास्ते ही एशिया, यूरोप, अमेरिका सहित अन्य बाजारों में पहुंचता है।




### कितना अहम हारमूज क्षेत्र

इस क्षेत्र से रोजाना एक करोड़ 90 लाख बैरल तेल गुजरता है। यानी दुनिया का 20 फीसद कच्चा तेल यहीं से होकर जाता है। इसकी तुलना में स्वेज नहर से 55 लाख बैरल और मलक्का की खाड़ी से एक करोड़ 60 लाख बैरल तेल गुजरता है।

## शोध-अनुसंधान

# भारत में बना दुनिया का सबसे चमकीला पदार्थ

जनसत्ता संवाद

एक युवा भारतीय वैज्ञानिक ने दुनिया का सबसे चमकीला पदार्थ बनाने में सफलता हासिल की है। गोरखपुर के दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय में शोध करने वाली वैज्ञानिक इफ्फत अमीन की इस खोज से विज्ञान और ऊर्जा के क्षेत्र में बड़े बदलाव की उम्मीद की जा रही है। इस चमकीले पदार्थ की मदद से दो वॉट की एलईडी में 20 वॉट तक की रोशनी मिल सकेगी। साथ ही, रडार में ऊर्जा की कम खपत, एमआरआई में बेहतर नतीजे और दवाओं और शरीर की जैविक प्रणाली की जांच में यह पदार्थ क्रांतिकारी और लाभकारी बदलाव ला सकता है। आइआइटी, चेन्नई और सीडीआरआई लखनऊ और जापान के क्यूशू इंस्टीट्यूट ने अपने परीक्षणों में इस प्रयोग को स्वीकारोक्ति प्रदान की है।

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर की इफ्फत अमीन दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय (डीडीयू) में रसायन शास्त्र की रिसर्च स्कॉलर है। इफ्फत अमीन के पिता का नाम अमीनुल्लाह अंसारी और मां का नाम यास्मीन है। उनके पिता ठेकेदार और मां शिक्षक हैं। वे दो भाई और दो बहनों में सबसे छोटी हैं। मां के शिक्षक होने के कारण घर में पढ़ाई का अच्छा माहौल रहा। इफ्फत ने डीडीयू से ही बीएससी और एमएससी की डिग्री हासिल की।

दुनिया के सबसे चमकीले पदार्थ की खोज में पूरे पांच साल लगे हैं। इसके लिए उन्होंने दुर्लभ तत्व लैंथेनाइड, सीरियम, प्रोकोडोमियम और नियोडायनिम में पाइराजुलीन, डाई थायो काबार्मेट और जेंथेट को संश्लेषित किया। इनके मिश्रण से उन्होंने कुल 48 कांप्लेक्स बनाए। सभी कांप्लेक्स की अलग-अलग ल्यूमिनिसेंस (चमक) की क्षमता जांची गई। शुरुआत के दो साल उन्हें दुर्लभ तत्वों को जुटाने और संश्लेषण के बाद उसके अनुप्रयोग समझने में लगे।

**भारतीय वैज्ञानिक ने जिस नए पदार्थ की खोज की है, उसकी चमक क्षमता 91.9 फीसद है। जबकि अब तक जितने भी चमकीले पदार्थ बने हैं उनकी क्षमता 80 फीसद तक रही है। रेडियम के गुणों वाला यह चमकीले पदार्थ अंधेरे में चमकीली रोशनी का विकल्प हो सकता है।**



इफ्फत अमीन

शोध पूरा होने पर संश्लेषित कांप्लेक्स का आइआइटी मद्रास, चेन्नई, सीडीआरआइ लखनऊ और जापान के क्यूशू इंस्टीट्यूट की लैब में परीक्षण कराया गया। जहां इसका परीक्षण सफल रहा है।

इस नए पदार्थ की चमक क्षमता 91.9 फीसद तक पाई गई। अब तक बने चमकीले कांप्लेक्स की क्षमता 80 फीसद तक है। इफ्फत अमीन के प्रोफेसर उमेश नाथ त्रिपाठी ने बताया कि जब इस पदार्थ का परीक्षण आइआइटी मद्रास चेन्नई और जापान में हुआ तब पता चला कि यह कितनी बड़ी खोज है। इफ्फत ने जिस पदार्थ की खोज की, उसे रेडियम के गुणों वाला चमकीला पदार्थ कहा जा रहा है। यह अंधेरे में चमकीली रोशनी का विकल्प हो सकता है। इससे रेडियम आधारित उपयोगी पदार्थ भी बनाए जा सकते हैं। इसकी मदद से दो वॉट के एलईडी में 20 वॉट तक की रोशनी मिल सकेगी। इससे ऑर्गेनिक एलईडी बल्ब बनाए जा सकेंगे, जो महज 1 से 2 वाट के करंट से तेज रोशनी देंगे। इसके अलावा रडार में ऊर्जा की कम खपत, एमआरआई में भी बेहतर नतीजे और दवाओं और बायोलॉजिकल सिस्टम की जांच तथा लेवलिंग में भी यह पदार्थ लाभकारी साबित हो सकता है।

इफ्फत के कुल चार शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं, जिनमें इंग्लैंड स्थित रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री, कई देशों से प्रकाशित होने वाला एल्वाइजर, जर्नल टेलर एंड फ्रांसिस आदि शामिल हैं। शोध के लिए उन्हें गुरु गोरक्षनाथ शोध मेडल भी मिला है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इफ्फत अमीन की कामयाबी पर ट्वीट करके बधाई देते हुए लिखा है कि 'बहुत बधाई इफ्फत आमीन। आपने गोरखपुर और उत्तर प्रदेश का नाम रोशन करने के साथ ही देश और प्रदेश के युवाओं के लिए एक अनुकरणीय प्रतिमान स्थापित किया है।'

## विश्व परिक्रमा

### फेसबुक पर पांच अरब डॉलर का जुर्माना

**रविवार, 14 जुलाई :** अमेरिका के नियामक ने सोशल मीडिया साइट फेसबुक पर निजता और आंकड़ों की सुरक्षा में खामी की जांच से जुड़े एक मामले के निपटान के लिए पांच अरब डॉलर का जुर्माना लगाया है।

### इंग्लैंड ने जीता विश्व कप का खिताब

**सोमवार, 15 जुलाई :** इंग्लैंड ने रविवार को लॉडर्स मैदान पर खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को सुपर ओवर में मात देकर आईसीसी विश्व कप-2019 का खिताब अपने नाम कर लिया है। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच वर्ल्ड कप 2019 का फाइनल मुकाबला सुपर ओवर में पहुंचने के बाद भी टाई हो गया। जिसके बाद बाउंड्री की संख्या के आधार पर इंग्लैंड की टीम को विजेता घोषित कर दिया गया।

### नेपाल ने बाढ़ से निपटने के लिए मांगी मदद

**मंगलावर, 16 जुलाई :** नेपाल ने बारिश व बाढ़ की वजह से होने वाली बीमारियों की आशंका के मद्देनजर उनकी रोकथाम के लिए अंतरराष्ट्रीय एजंसियों से मदद मांगी है। बाढ़ से नेपाल में 67 लोगों के मरने की सूचना है।



कुलभूषण जाधव

### अमेरिका से नफरत है तो चले जाओ : ट्रंप

**बुधवार, 17 जुलाई :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्थानीय अल्पसंख्यक समुदाय की डेमोक्रेट महिला सांसदों के समूह पर मंगलवार को अपना हमला जारी रखते हुए कहा, 'जो अमेरिका से घृणा करते हैं, उन्हें देश छोड़ देना चाहिए।

### जाधव की फांसी पर रोक

**गुरुवार, 18 जुलाई :** कुलभूषण जाधव के मामले में भारत को अंतरराष्ट्रीय अदालत में बुधवार को बड़ी कामयाबी मिली। कोर्ट ने कुलभूषण जाधव को सुनाई गई फांसी की सजा पर प्रभावी तरीके से फिर से विचार करने और राजनयिक पहुंच प्रदान करने का आदेश दिया।

### जापान के स्टूडियो में आगजनी, 24 मरे

**शुक्रवार, 19 जुलाई :** जापान में एक एनिमेशन प्रोडक्शन कंपनी में गुरुवार को संदिग्ध आगजनी में 24 व्यक्तियों की मौत हो गई और दर्जनों लोग जख्मी हो गए।

### ड्रोन गिराए जाने के बाद खाड़ी में तनाव बढ़ा

**शनिवार, 20 जुलाई :** अमेरिका की ओर से ईरान का एक ड्रोन मार गिराए जाने के दावे के बाद खाड़ी क्षेत्र में शुक्रवार को तनाव बढ़ गया। अमेरिका ने कहा कि हरमुज जलडमरूमध्य के प्रवेश पर अमेरिकी नौसैन्य पोत के लिए खतरा पैदा होने के बाद ईरान के ड्रोन को मार गिराया गया।

## जानें-समझें

### चंद्रयान-दो की छलांग

# परमाणु ऊर्जा के खजाने तक पहुंच


दीपक रस्तोगी

चंद्रयान-2 के प्रक्षेपण के साथ ही वैज्ञानिकों में भविष्य की दो बड़ी संभावनाओं को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। अपने इस मिशन में भारत ने खनिजों और ऊर्जा के जिस अकूत भंडार की तलाश शुरू की है, उससे दुनिया बदल जाएगी। वहां से चांद पर इंसान के बसने की जमीन भी तैयार होने लगेगी। चांद के जिस दक्षिणी ध्रुव पर आज तक कोई नहीं पहुंचा है, वहां पहुंचने के लिए भारत ने सोमवार को छलांग लगाई है। चंद्रयान एक मिशन से मिली जानकारियों को आगे बढ़ाते हुए नया मिशन है। संभव है कि भारत का चंद्रयान-2 चांद के कुछ और अनछुए पहलुओं पर से पर्दा उठा दे, जिसके बारे में वह मशहूर बात दोहराई जाए, 'यह मानवता के लिए बहुत बड़ा कदम है।'

### अकूत खजाने तक पहुंचेगा चंद्रयान

साफ और सुरक्षित ऊर्जा के लिए तरस रही दुनिया के लिए भारत का चंद्रयान-2 मिशन नई उम्मीद है। चांद के दक्षिणी ध्रुव पर कदम रखने के बाद अपना यान ऐसे अनमोल खजाने की खोज में जुटेगा, जिससे न केवल अगले पांच सौ साल तक ऊर्जा की जरूरत पूरी होगी, बल्कि, खरबों डॉलर की कमाई भी होगी। यह ऊर्जा न केवल सुरक्षित होगी, बल्कि तेल, कोयले और परमाणु कचरे से होने वाले प्रदूषण से मुक्त होगी। चंद्रमा का दक्षिण ध्रुव इलाका औद्योगिक उत्खनन के लिए मुफीद जगहों में से एक है। यहां रेडियोधर्मी तत्व हीलियम-3 खोज की जाएगी। चंद्रमा से 2,50,000 टन हीलियम-3 लाया जा सकता है, जिसकी कीमत कई खरब डॉलर हो सकती है। एक टन हीलियम-3 की कीमत करीब 5 अरब डॉलर हो सकती है। वैज्ञानिकों के अनुसार, चंद्रमा पर हीलियम-3 के आइसोटोप (समस्थानिक) प्रचुर मात्रा में हैं। सूर्य की तरफ से चलने वाली हवाएं चंद्रमा पर लगातार हीलियम-3 की बरसात करती रहती हैं। ये हवाएं हमारी धरती पर भी आती हैं, लेकिन पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र इन हवाओं से हमारे वातावरण को बचा लेता है।

## क्या है जानकारों की राय



फाइल फोटो



जिस देश के पास ऊर्जा के इस अकूत स्रोत को चंद्रमा से धरती पर लाने की क्षमता होगी, वह इस पूरी प्रक्रिया पर राज करेगा। मैं केवल इस प्रक्रिया का हिस्सा नही बनना चाहता। बल्कि इसका नेतृत्व करना चाहता हूं। भविष्य में धरती पर जब खनिज संपदा खत्म हो जाएगी, तब हम इस स्थिति में पहुंच चुके होंगे की चांद से लाकर उनकी पूर्ति कर सकें। इसी प्रकार हमारे मौजूदा कार्यक्रम भविष्य में अंतरिक्ष पर्यटन के लिए भी नए रास्ते खोलेंगे। अंतरिक्ष पर्यटन अगले दस साल में वास्तविकता में बदल जाएगा।
*–के सिवन, इसरो के अध्यक्ष*



अगर अगले कुछ दशकों में चांद पर इंसान की बसने की अवसर पैदा होते हैं तो इससे अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नई खोजों के मौके मिलेंगे। तब वैज्ञानिक चांद को अपना पड़ाव बना लेंगे और फिर वहां से दूसरे ग्रहों के बारे में शोध करेंगे या अभियान चलाएंगे। तब धरती की बजाय चांद से ही उपग्रह दूसरे ग्रहों के लिए भेजना संभव हो सकता है।
*–एएस किरण कुमार*

### दक्षिणी ध्रुव पर ही क्यों चंद्रयान-2

चांद को फतह कर चुके अमेरिका, रूस और चीन ने अभी तक इस जगह पर कदम नहीं रखा है। चंद्रमा के इस भाग के बारे में अभी बहुत जानकारी भी सामने नहीं आ पाई है। भारत के चंद्रयान एक अभियान के दौरान दक्षिणी ध्रुव पर बर्फ के बारे में पता चला था। तभी से चांद के इस हिस्से के प्रति दुनिया के देशों की रुचि जगी है। दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर भारत दूसरे देशों पर बढ़त हासिल कर लेगा। इसकी सतह का बड़ा हिस्सा चंद्रमा के उत्तरी ध्रुव की तुलना में अधिक छाया (शैडो) में रहता है। इस हिस्से में पानी भी हो सकता है। यहां ठंडे क्रेटर्स (गड्ढों) में प्रारंभिक सौर प्रणाली के लुप्त जीवाश्म रिकॉर्ड मौजूद हैं। चंद्रयान-2 का विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर दो ऐसे क्रेटर्स – 'मंजिनस सी' और 'सिमपेलियस एन' के बीच वाले मैदान में लगभग 70 डिग्री दक्षिणी अक्षांश पर उतरेंगे।

### नासा के मुकाबले 10 गुना कम बजट

अमेरिका ने पिछले कुछ साल में चंद्रमा संबंधी शोध से अपना ध्यान हटा लिया था। चंद्रमा के प्रति दुनिया के दूसरे देशों की दिलचस्पी को देखते हुए यह देश एक बार फिर इस दिशा में बढ़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल में अपने अंतरिक्ष विज्ञानियों को एक बार फिर से चंद्रमा पर ध्यान देने को कहा है। इस क्रम में अमेरिकी अंतरिक्ष अनुसंधान एजंसी नासा ने 19 अरब रुपए का प्रस्ताव सरकार को दिया। ट्रंप ने इसे मंजूरी दे दी है। नासा ने वर्ष 2020 में ल्यूनर ऑर्बिटर यान को चांद पर भेजने की योजना बनाई है। तुलनात्मक रूप से भारत सरकार का चंद्रमा मिशन इससे कई गुना कम खर्चीला है। इसरो ने चंद्रयान-2 के लिए 1.7 अरब का बजट सरकार को दिया था।

### अंतरिक्ष आर्थिकी में आएगा उछाल

विशेषज्ञों के मुताबिक चांद पर हीलियम-3 के उत्खनन की प्रक्रिया अगर शुरू हो गई तो मौजूदा अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था चार सौ अरब डॉलर से बढ़कर वर्ष 2040 तक एक खरब डॉलर तक पहुंच जाएगी। भारत चंद्रयान-2 के कुछ समय पहले ही अंतरिक्ष में उपग्रह रोधी मिसाइल का परीक्षण किया है और डिफेंस स्पेस एजंसी और डिफेंस स्पेस ऑर्गनाइजेशन का गठन किया है। हीलियम-3 के चंद्रमा के भंडार पर भारत की नजर काफी पहले से है। वर्ष 2006 में इसरो के तत्कालीन चेयरमैन माधवन नायर ने कहा था कि हीलियम-3 से भविष्य में परमाणु रिएक्टर चलाए जा सकेंगे। लेकिन पहले इनकी गुणवत्ता देखनी होगी।

## व्यक्तित्व

# हिमा दास : एक महीने में पांच अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक

जनसत्ता संवाद

देश की नई उड़न परी हिमा दास का नाम सभी की जुबान पर है। हाल ही में उन्होंने चेक गणराज्य की नोव मेस्टो नाड मेटुजी ग्रां प्री में महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में सीजन-बेस्ट 52.09 सेकेंड के साथ पहला स्थान हासिल किया। एक महीने के भीतर उनका यह पांचवा स्वर्ण पदक है। उन्होंने दो जुलाई को यूरोप में, सात जुलाई को कुंटो एथलेटिक्स मीट में, 13 जुलाई को चेक गणराज्य में और 17 जुलाई को टाबोर ग्रां प्री में अलग-अलग स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक हासिल किया। हिमा पहली ऐसी भारतीय महिला बन गई हैं जिसने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप ट्रैक में स्वर्ण पदक हासिल किया है। उन्होंने 400 मीटर की रेस 51.46 सेकंड में पूरी करके यह रेकॉर्ड अपने नाम किया है। वे आईएएएफ वर्ल्ड अंडर-20 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की 400 मीटर दौड़ स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। एक महीने में उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उनकी एंडोर्समेंट फीस सालाना 30-35 लाख से 60 लाख रुपए पहुंच गई है। 18 साल की हिमा असम के ढिंग शहर के पास एक छोटे से गांव कंधुलिमारी की रहने वाली हैं। उन्होंने दो साल में ही अपना नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दर्ज कराया है। हिमा बेहद गरीब परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता का नाम रंजीत दास है और वे किसान है। पांच भाई-बहनों में वे सबसे छोटी हैं।

शुरू में हिमा की दिलचस्पी फुटबॉल में थी। वे स्कूल में लड़कों के साथ फुटबॉल खेलती थीं और हमेशा से ही इसी में अपना करिअर बनाना चाहती थीं। हिमा खेलने-कूदने में आगे थीं। अपने पिता के खेत में दोस्तों के साथ घंटों खेलतीं और दौड़ लगातीं। वे गांव में आने वाली गाड़ियों के साथ रेस लगाती थीं। वे लड़कों के साथ भी रेस लगाती और जीत जातीं।

यह देख उनकी पीटी टीचर ने उन्हें धावक बनने की सलाह दी। वे अपने पिता के खेत में और गांव की पगडंडियों पर नंगे पांव ही दौड़ लगाती थीं। स्थानीय कोच निपुन दास की सलाह मानकर हिमा ने जिला स्तर की 100 और 200 मीटर की स्पर्धा में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में उन्होंने स्वर्ण पदक जीता। हिमा की लगन को देखते हुए निपुन दास उन्हें गुवाहाटी लेकर आएं। शुरू में हिमा 200 मीटर और बाद में 400 मीटर की दौड़ में भी भाग लेने लगीं।



यहां से हिमा दास का करिअर एथलीट के तौर पर शुरू हुआ। अप्रैल 2018 में गोल्ड कोस्ट में हुए राष्ट्रमंडल खेलों की 400 मीटर की स्पर्धा में हिमा दास ने 51.32 सेकेंड में दौर पूरी करते हुए छठवां स्थान प्राप्त किया था। गुवाहाटी में हुई अंतरराज्यीय चैंपियनशिप में उन्होंने स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। फिनलैंड में आयोजित विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप 2018 में 400 मीटर फाइनल जीता। इसके अलावा 18वें एशियन गेम्स 2018 जकार्ता में हिमा दास ने दो दिन में दूसरी बार महिला 400 मीटर में राष्ट्रीय रेकॉर्ड तोड़कर रजत पदक जीता है। इसी साल हिमा दास ने पोलैंड में पॉज्नान ऐथलेटिक्स ग्रां प्री में 200 मीटर का स्वर्ण जीता। उसके बाद उसने कुट्टनो एथलेटिक्स मीट में पोलैंड में भी 200 मीटर का स्वर्ण पदक जीता।

### सोनभद्र कांड पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा

# सपा से जुड़ा है मुख्य अभियुक्त, होगी कार्रवाई

लखनऊ, 22 जुलाई (भाषा)।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को दोहराया कि सोनभद्र में पिछले दिनों हुए सामूहिक हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त सपा से जुड़ा है।

योगी ने विधान परिषद में प्रश्नकाल के दौरान सपा सदस्य अमित यादव द्वारा प्रदेश में गत 1 मार्च से 15 मार्च के बीच हुई आपराधिक घटनाओं के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ है, इसमें किसी को कोई संदेह नहीं होना चाहिए। प्रदेश में जो निवेश के उत्साहजनक परिणाम आए हैं, वे बेहतर कानून-व्यवस्था का ही नतीजा हैं। हमारी सरकार को बने अभी ढाई साल नहीं हुए हैं। इस दौरान सांप्रदायिक सौहार्द की स्थिति उच्चकोटि की रही है।

योगी ने कहा कि जहां तक सोनभद्र में 10 लोगों की नृशंस हत्या का मामला है तो मुझे यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि उसमें जो सूत्र सामने आए हैं वे सिर्फ आज से नहीं बल्कि वर्ष 1955 से जुड़े हैं। उस वक्त कांग्रेस के नेता ने वहां के वनवासियों और जनजातीय समुदाय की जमीन को गलत तरीके से एक पब्लिक ट्रस्ट के नाम पर दर्ज कराया। बाद में वर्ष 1989 में उस जमीन को अपने परिवार के सदस्यों के नाम कराया। उन्होंने कहा कि बाद में उस जमीन को खरीदने वाला गांव का प्रधान यज्ञदत्त भोटिया खुद सपा का सदस्य है। हत्या का मुख्य आरोपी समाजवादी पार्टी से जुड़ा हुआ है। हम उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।

इस पर सपा के सदस्यों ने विरोध किया। शतरुद्र प्रकाश ने कहा कि मुख्यमंत्री को सोनभद्र की घटना के बारे में कुछ भी बोलने का अधिकार है लेकिन इस वक्त प्रश्नकाल चल रहा है, इसमें सिर्फ प्रश्नोत्तर ही होते हैं। प्रश्न में सोनभद्र के मुद्दे का जिक्र नहीं किया गया है, लिहाजा मुख्यमंत्री का इस विषय पर बोलना ठीक नहीं है। जब इस घटना पर कार्यस्थगन प्रस्ताव आएगा तो मुख्यमंत्री इस पर विस्तार से बोल सकते हैं। इस पर मुख्यमंत्री अपने स्थान पर बैठ गए और थोड़ी देर बाद सदन से चले गए।

इसी बीच नेता विपक्ष अहमद हसन ने इस पर अपनी बात रखने की कोशिश की तो सत्तापक्ष के सदस्यों ने इस पर आपत्ति करते हुए कहा कि खुद सपा के सदस्य ही मुख्यमंत्री के बोलने पर व्यवस्था का प्रश्न उठा रहे थे। इस दौरान सभापति रमेश यादव के निर्देश पर नेता सदन उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने अगले प्रश्न का उत्तर देना शुरू कर दिया।

# चेक बाउंस मामले में अभिनेत्री कोइना मित्रा को छह महीने की कैद

मुंबई, 22 जुलाई (भाषा)।

मुंबई की एक अदालत ने चेक बाउंस के मामले में अभिनेत्री कोइना मित्रा को छह महीने कैद की सजा सुनाई है।

अंधेरी मेट्रोपॉलिटिन अदालत की मजिस्ट्रेट केतकी चव्हाण ने छह जुलाई को पारित आदेश में मित्रा को मामले में शिकायतकर्ता मॉडल पूनम सेठी को 4.64 लाख रुपए का हर्जाना देने का भी निर्देश दिया। अदालत 2013 के एक मामले की सुनवाई कर रही थी जिसके मुताबिक मित्रा ने सेठी से 22 लाख रुपए कुछ समय के दौरान लिए थे लेकिन पूरी रकम नहीं चुकाई।

अदालत के आदेश के मुताबिक, मित्रा ने कर्ज चुकाने के लिए सेठी को तीन लाख रुपए का चेक जारी किया, लेकिन वह बाउंस हो गया। सेठी ने 19 जुलाई 2013 को चेक बाउंस होने को लेकर एक कानूनी नोटिस भी भेजा।

नोटिस के बाद भी जब मित्रा की तरफ से रकम नहीं लौटाई गई तो 10 अक्तूबर 2013 को निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट के तहत कार्रवाई के लिए सेठी ने मित्रा के खिलाफ शिकायत की।

मित्रा ने खुद को बेकसूर बताते हुए कहा था कि वह मुकदमे का सामना करेंगी।

मुकदमे के दौरान अभिनेत्री के वकील ने दलील दी कि दूसरी चीजों के साथ ही सेठी एक 'छोटी' मॉडल थी जिसके पास 22 लाख रुपए उधार देने के साधन नहीं थे। अभिनेत्री के वकील ने कहा कि सेठी अवैध तौर पर रुपए उधार देने का धंधा करती हैं।

अदालत ने हालांकि इस दलील को खारिज कर दिया। मजिस्ट्रेट ने कहा कि अगर मित्रा हर्जाने की रकम सेठी को देने में नाकाम रहती हैं तो उन्हें तीन और महीने कैद की सजा काटनी होगी।

मित्रा ने 'मुसाफिर', 'एक खिलाड़ी एक हसीना' और 'अपना सपना मनी मनी' जैसी फिल्मों में काम किया था।

### केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा

# एए कुरैशी को मुख्य न्यायाधीश बनाने का मुद्दा 'विचाराधीन'

**केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि 'यह मामला विचाराधीन है' और उन्होंने याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का वक्त देने का अनुरोध किया**

नई दिल्ली, 22 जुलाई (भाषा)।

केंद्र ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि बंबई हाई कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अकील ए कुरैशी को मप्र हाई कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने का मामला उसके विचाराधीन है। केंद्र ने इस मामले में अपना जवाब दाखिल करने के लिए न्यायालय से दो सप्ताह का वक्त देने का अनुरोध किया। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई, न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता और न्यायमूर्ति अनिरूद्ध बोस के पीठ न्यायमूर्ति कुरैशी को शीर्ष अदालत की कॉलेजियम की सिफारिश के अनुसार मप्र हाई कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने के लिए गुजरात हाई कोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि 'यह मामला विचाराधीन है' और उन्होंने याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का वक्त देने का अनुरोध किया। याचिकाकर्ता एडवोकेट्स एसोसिएशन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता फाली नरीमन ने कहा कि उन्हें केंद्र द्वारा समय मांगने पर कोई आपत्ति नहीं है लेकिन यह भी तथ्य है कि मेमोरैंडम ऑफ प्रोसीजर के अनुसार केंद्र की भूमिका सिर्फ 'एक विशिष्ट संदेश प्रेषक की' और न्याय विभाग को सिर्फ नियुक्ति की घोषणा करनी है।

नरीमन ने मेमोरैंडम ऑफ प्रोसीजर के प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि कॉलेजियम द्वारा नाम की स्वीकृति दिए जाने के बाद सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति के मामलों में केंद्र की बहुत अधिक भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र को न्यायालय को यह बताना चाहिए कि क्या उसने मेमोरैंडम ऑफ प्रोसीजर में निर्धारित प्रक्रिया के तहत गुजरात सरकार की राय मांगी थी।

न्यायालय ने गुजरात हाई कोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई दो अगस्त के लिए निर्धारित की है।

इससे पहले, न्यायालय ने इस याचिका पर सुनवाई करने का निश्चय किया था। पीठ ने याचिकाकर्ता को इस याचिका की प्रति सॉलिसीटर जनरल को सौंपने का निर्देश दिया था ताकि वह इस मामले में आवष्यक निर्देश प्राप्त कर सकें। वकीलों के इस संगठन का आरोप है कि शीर्ष अदालत की कॉलेजियम द्वारा ग्रीष्मावकाश से पहले सिफारिश किए जाने के बावजूद केंद्र ने न्यायमूर्ति कुरैशी की फाइल अभी तक अटका रखी है जबकि दूसरे उच्च न्यायालयों के लिए मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

इस संगठन का कहना है कि केंद्र ने न्यायमूर्ति कुरैशी को हाई कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश को मंजूरी नहीं दी और सात जून को न्यायमूर्ति रवि शंकर झा को मप्र हाई कोर्ट का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की अधिसूचना जारी कर दी।

## राजौरी में पाक गोलीबारी में जवान शहीद

पेज 3 का बाकी

नाम मोहम्मद आरिफ शरीफ आलम खान पठान है। गोलीबारी के दौरान वह जख्मी हो गए। कर्नल आनंद ने बताया कि पठान को हवाई मार्ग से सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पठान गुजरात के वडोदरा जिले के नवायार्ड गांव के रहने वाले थे। उनके परिवार में उनके माता-पिता हैं। लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र आनंद ने कहा, 'वह बहादुर, बेहद जोशीले और संजीदा सैनिक थे। राष्ट्र हमेशा उनके सर्वोच्च बलिदान और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए उनका आभारी रहेगा।'

प्रवक्ता के मुताबिक, सीमा पार से गोलीबारी सुबह करीब साढ़े छह बजे शुरू हुई और यह रुक-रुक कर कई घंटे तक चलती रही, जिस वजह से सरहद के आसपास की बस्तियों में रहने वाले लोगों में दहशत फैल गई। उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए जरूरी एहतियाती उपाय करने की सलाह दी गई है। लेफ्टिनेंट कर्नल आनंद ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने तड़के बिना उकसावे के मोर्टार दागे और छोटे हथियारों से गोलीबारी कर संघर्षविराम का उल्लंघन किया।

## मानवाधिकार संरक्षण संशोधन बिल भी पारित

पेज 3 का बाकी

आपत्तियों को निराधार बताया कि पुनर्नियुक्ति के प्रावधान के कारण यह 'सरकार का आयोग' बन जाएगा। शाह ने कहा कि आयोग के सदस्य की नियुक्ति एक समिति करती है जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा के अध्यक्ष, राज्यसभा के उपसभापति और संसद के दोनों सदनों के नेता प्रतिपक्ष या सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता होते हैं।

शाह ने कहा कि समिति द्वारा नियुक्ति के बारे में यदि इस तरह का संदेह किया जाएगा तो 'कोई भी लोकतांत्रिक संस्था काम नहीं कर पाएगी।' उन्होंने कहा कि आयोग के सदस्यों के कार्यकाल को पांच साल से घटाकर तीन साल करने का उद्देश्य है ताकि खाली पदों को भरा जा सकेगा। उन्होंने पुनर्नियुक्ति के प्रावधानों को लेकर विपक्ष के सदस्यों के संदेहों पर कहा कि इनकी पुनर्नियुक्ति सरकार नहीं नियुक्ति समिति करेगी। साथ ही आयोग के नियम के तहत इसका कोई सदस्य या अध्यक्ष सरकार के किसी अन्य पद पर नियुक्त नहीं हो सकता है।

विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि मोदी सरकार की नीति है कि 'न किसी पर अत्याचार हो, न किसी अत्याचारी को बख्शा जाए'। विधेयक के प्रावधान के अनुसार राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष के रूप में ऐसा व्यक्ति होगा, जो सुप्रीम कोर्ट का प्रधान न्यायाधीश रहा हो।

## राजद के पूर्व विधायक को उम्रकैद

समस्तीपुर (बिहार), 22 जुलाई (भाषा)।

बिहार के समस्तीपुर जिले की एक अदालत ने 14 साल पहले एक महिला की हत्या के मामले में सोमवार को राजद के पूर्व विधायक सुनील कुमार पुष्पम को उम्रकैद की सजा सुनाई और 25000 रुपए का जुर्माना भी लगाया।

अपर लोक अभियोजक गौरी शंकर मिश्रा ने बताया, 'दो अगस्त, 2005 को मंजू देवी जब अपनी एक रिश्तेदार के साथ अपने गांव छेछनि से बिथान बाजार आ रही थीं तभी रास्ते में एक मार्शल गाड़ी के हॉर्न बजाने पर रास्ता नहीं देने पर उस पर सवार पूर्व विधायक ने बंदूक के बट से उन पर प्रहार किया था। घटना में गर्भवती मंजू देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं और बाद में उन्होंने दम तोड़ दिया।' सुनील कुमार पुष्पम ने कहा, 'वह निचली अदालत के इस फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील करेंगे।'

## सूचना अधिकार संशोधन बिल को लोकसभा ने दी मंजूरी

पेज 3 का बाकी

मुख्य सूचना आयुक्त व राज्य सूचना आयुक्तों के वेतन, भत्ते और सेवा के अन्य निबंधन व शर्तें केंद्र सरकार द्वारा तय किए जाएंगे। मूल कानून के अनुसार अभी मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों का वेतन मुख्य निर्वाचन आयुक्त व निर्वाचन आयुक्तों के बराबर है। कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने सरकार पर सूचना का अधिकार संशोधन विधेयक लाकर इस महत्वपूर्ण कानून को कमजोर करने का आरोप लगाया। विपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार इस संशोधन के माध्यम से राज्यों में भी सूचना आयुक्तों की नियुक्तियों के नियम, शर्तें तय करेगी जो संघीय व्यवस्था और संसदीय लोकतंत्र के खिलाफ है।

चर्चा का जवाब देते हुए कार्मिक, लोक प्रशासन और प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि पारदर्शिता के सवाल पर मोदी सरकार की प्रतिबद्धता पर कोई सवाल नहीं उठा सकता है। उन्होंने जोर दिया कि सरकार अधिकतम सुशासन, न्यूनतम सरकार के सिद्धांत के आधार पर काम करती है। विधेयक के संदर्भ में मंत्री ने कहा कि इसका मकसद आरटीआइ अधिनियम को संस्थागत स्वरूप प्रदान करना, व्यवस्थित बनाना और परिणामोन्मुखी बनाना है।

सिंह ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में आरटीआइ आवेदन कार्यालय समय में ही दाखिल किया जा सकता था। लेकिन अब आरटीआइ कभी भी और कहीं से भी दायर किया जा सकता है।

## साढ़े सात हजार के रखरखाव पर फ्लैट मालिकों को देना होगा 18% जीएसटी

पेज 3 का बाकी

रुपए की सीमा प्रति फ्लैट के हिसाब से होगी। मसलन दो फ्लैट वाला व्यक्ति 7,500-7,500 कुल 15,000 रुपए का मासिक रखरखाव शुल्क देता है तो उसे प्रत्येक फ्लैट के हिसाब से कोई जीएसटी नहीं देना होगा।

# मुंबई के टेलीफोन एक्सचेंज में लगी आग

मुंबई, 22 जुलाई (भाषा)।

मुंबई में सोमवार को एक टेलीफोन एक्सचेंज इमारत में आग लग गई। इमारत की छत पर हवाई सीढ़ी की मदद से सभी 84 लोगों को बाहर निकाल लिया गया। निकाय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि वहां फंसे लोगों में ज्यादातर लोग नौवीं मंजिल की छत पर थे। यह इमारत उपनगरीय बांद्रा में स्थित है। आग बुझाने की कोशिश के दौरान धुएं की चपेट में आए दो कर्मियों को निकट के अस्पताल में भर्ती किया गया है।

अधिकारी ने बताया कि तीसरी और चौथी मंजिल पर लगी इस आग पर काबू पा लिया गया है और इमारत की छत पर सभी लोग सुरक्षित हैं। उन्हें वहां से बाहर निकाल लिया गया। उन्होंने बताया कि अभी तक उन लोगों के बारे में चीजें स्पष्ट नहीं हैं जो तीसरी और चौथी मंजिल पर हैं। एक महिला ने बताया, 'हम लिफ्ट की मदद से पांचवीं मंजिल से आए। हमने अग्निशमन सेवा कर्मियों को कुछ लोगों को धुएं से भरी इमारत से बाहर निकालते हुए देखा।'

वहीं इमारत से सुरक्षित बाहर निकलने वाली एक महिला ने कहा, 'जब हमें आग के बारे में जानकारी मिली तो हम सीढ़ियां खोजने लगे लेकिन घने धुएं की वजह से दिखाई देना लगभग बंद सा हो गया था।' उन्होंने बताया, 'हमने अपने कार्यालय की खिड़कियां और दरवाजे बंद कर लिए थे। दमकल कर्मी आए और उन्होंने हमें बचाया। हमें जिस मंजिल से बचाया गया है, वहां अब भी छह-सात लोग हो सकते हैं।' एमटीएनएल की इमारत में अपराह्न तीन बजे आग लग गई थी। यह इमारत उपनगरीय बांद्रा में स्थित है और यह दमकल सेवा केंद्र के पास ही स्थित है। उन्होंने बताया कि कामकाज का दिन होने की वजह से ज्यादा लोग इमारत में थे। इनमें से ज्यादातर एमटीएनएल के कर्मचारी हैं।

अधिकारी ने बताया कि दमकल के 14 वाहन और एक रोबोट वाहन और एक एम्बुलेंस समेत अन्य उपकरण आग को बुझाने के काम में लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पाने का काम और बचाव अभियान जारी है। इमारत की ऊपरी मंजिल और छत पर लोग फंसे हैं, उन्हें बचाने की कोशिश हो रही है। समाचार चैनलों के फुटेज में इमारत से धुआं निकलता हुआ दिख रहा है। अभी तक किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

# चार आदिवासियों की पीट-पीटकर हत्या के मामले में आठ लोग गिरफ्तार

गुमला (झारखंड), 22 जुलाई (भाषा)।

झारखंड के गुमला जिले में जादू-टोने के संदेह में चार आदिवासियों की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या के मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी है।

एक बयान के अनुसार गिरफ्तार किए गए लोग उन लोगों में शामिल हैं जिन्होंने शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात नगर-सिसकारी गांव में चार बुजुर्गों को कथित तौर पर उनके घरों से घसीटकर बाहर निकाला था और डंडों से पिटाई की थी, जिसके बाद उनकी मौत हो गई थी। मृतकों में दो महिलाएं शामिल हैं।

# जेपी नड्डा ने प्रज्ञा सिंह ठाकुर को तलब किया

पेज 3 का बाकी

ने कहा कि प्रज्ञा सिंह ठाकुर को भाजपा मुख्यालय तलब किया गया था जहां नड्डा ने उन्हें बताया कि पार्टी नेतृत्व मध्य प्रदेश के सीहोर में रविवार को उनके द्वारा दिए गए बयान से खुश नहीं है।

उन्होंने कहा कि ठाकुर से उनसे पार्टी के कार्यक्रमों और विचारों के खिलाफ बयान देने से बचने को कहा गया है। पार्टी कार्यालय से निकलते वक्त भाजपा सांसद ने वहां मौजूद पत्रकारों से बात नहीं की। मध्य प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए 2008 मालेगांव बम धमाका मामले की आरोपी ठाकुर ने कहा था कि एक सांसद का काम विधायकों, पार्षदों और जन प्रतिनिधियों के साथ मिलकर काम करते हुए विकास सुनिश्चित करना होता है। ठाकुर बम धमाका मामले में फिलहाल जमानत पर हैं।

प्रज्ञा सिंह ने कहा था, 'इसलिए इसे ध्यान में रखिए...हम यहां नालियों की सफाई के लिए नहीं हैं। यह साफ है? हम निश्चित रूप से (यहां) आपके शौचालय साफ करने के लिए नहीं हैं। हमें जो काम करना है और जिसके लिए हमें निर्वाचित किया गया है, हम उसे ईमानदारी से करेंगे। यह हमने पूर्व में भी कहा है, आज भी कह रहे हैं और भविष्य में भी इस पर टिके रहेंगे।' ठाकुर ने अपना पहला लोकसभा चुनाव भोपाल लोकसभा सीट से कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह को हराकर जीता था।

यह टिप्पणी भाजपा के लिए शर्मिंदा करने वाली थी क्योंकि मोदी ने 'स्वच्छ भारत' कार्यक्रम को अपनी सरकार के एजंडे का मुख्य बिंदू बनाया था। यह पहली बार नहीं है जब ठाकुर के बयानों से भाजपा के लिए मुश्किलें खड़ी हुई हैं। लोकसभा चुनावों के बीच प्रचार के दौरान उन्होंने महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को एक 'देशभक्त' करार दिया था। टिप्पणी पर हंगामा मचने के बाद उन्हें माफी मांगनी पड़ी थी और मोदी को कहना पड़ा था कि वह माफी मांगने के बावजूद ठाकुर को कभी माफ नहीं कर पाएंगे। उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था।

# विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हुई, पर मतदान नहीं

पेज 3 का बाकी

करने दीजिए'। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एचके पाटील ने विधानसभा अध्यक्ष से कहा, 'यह पूर्ण सदन नहीं है', बागी विधायकों को वापस आना चाहिए।

विधानसभा की कार्यवाही शुरु होने के समय से ही अध्यक्ष केआर रमेश ने सरकार को बार बार शक्ति परीक्षण की प्रक्रिया सोमवार को पूरी करने के अपने वादे का सम्मान करने की याद दिलाई। एक घंटे की देरी से सदन की कार्यवाही शुरू होने पर अध्यक्ष ने कहा, 'सबकी नजर हम पर है। मुझे बलि का बकरा ना बनाएं। अपने लक्ष्य (शक्ति परीक्षण की प्रक्रिया पूरी करने) तक पहुंचें।' कुमारस्वामी ने पिछले सप्ताह गुरुवार को विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव रखा था। सत्तारूढ़ कांग्रेस-जद (सेकु) गठबंधन के 16 विधायकों के इस्तीफे और दो निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापस लेने के कारण सरकार का भविष्य अधर में है।

राज्यपाल वजुभाई वाला ने पहले शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे तक और बाद में दिन की समाप्ति तक विश्वास प्रस्ताव पर प्रक्रिया पूरी करने को कहा था। शुक्रवार को प्रक्रिया पूरी नहीं होने के बाद अध्यक्ष ने सरकार से यह वादा लिया था कि वह इसे सोमवार को अवश्य पूरा करेगी। इसके बाद सदन की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।

अध्यक्ष ने विश्वास प्रस्ताव प्रक्रिया में और देरी नहीं करने पर अपना रुख स्पष्ट किया, 'इससे मेरा या सदन का अपमान होगा'। ऐसी खबरें है कि सत्तारूढ़ गठबंधन ने मत-विभाजन के लिए और दो दिन का वक्त मांगा है। अध्यक्ष ने कहा, 'हम सार्वजनिक जीवन में हैं। जनता हमें देख रही है। अगर लोगों में यह विचार बन रहा है कि चर्चा के नाम पर हम समय बर्बाद कर रहे हैं तो यह मेरे या किसी के लिए भी सही नहीं होगा।' कर्नाटक सरकार के वरिष्ठ मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा ने विश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान कहा कि इस्तीफे के मुद्दे पर अध्यक्ष के निर्णय के बगैर मत-विभाजन कराने से विश्वास प्रस्ताव प्रक्रिया की कोई गरिमा नहीं रहेगी।

# 'चंद्रयान-2' रवाना, सितंबर में उतरेगा चांद की सतह पर

पेज 3 का बाकी

हुई है। इसरो की इस शानदार कामयाबी पर पीएम नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है। करीब 50 दिन बाद छह से आठ सितंबर के बीच चांद पर भारत का चंद्रयान उतरेगा।

43.43 मीटर लंबे जीएसएलवी मार्क तीन एमके-1 ने आसमान में छाए बादलों को चीरते हुए प्रक्षेपण के 16 मिनट 14 सेकंड बाद 3,850 किलोग्राम वजनी 'चंद्रयान-2' को पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया। प्रक्षेपण के बाद नियंत्रण केंद्र में उपस्थित इसरो के वैज्ञानिक खुशी से झूम उठे। इसरो ने बाद में एक बयान में कहा कि 'चंद्रयान-2' के रॉकेट से अलग होने के तत्काल बाद अंतरिक्ष यान के सौर पैनल अपने आप तैनात हो गए और बंगलुरु स्थित इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमान प्रणाली ने अंतरिक्ष यान का नियंत्रण सफलतापूर्वक अपने हाथों में ले लिया। बयान के अनुसार 'चंद्रयान-2' को चांद के नजदीक ले जाने के लिए अगले सप्ताहों में कई अभियान चरणों को अंजाम देना होगा और रोवर की सॉफ्ट लैंडिंग सात सितंबर को कराने की योजना है।

चंद्रयान-2 सोलह दिनों तक पृथ्वी की परिक्रमा करते हुए चांद की तरफ बढ़ेगा। इस दौरान चंद्रयान की अधिकतम गति 10 किलोमीटर प्रति सेकंड और न्यूनतम गति तीन किलोमीटर प्रति सेकंड होगी। 16 दिनों बाद चंद्रयान पृथ्वी की कक्षा से बाहर निकलेगा। इस दौरान चंद्रयान-2 से रॉकेट अलग हो जाएगा। पांच दिनों बाद चंद्रयान-2 चांद की कक्षा में पहुंचेगा। इस दौरान उसकी गति 10 किलोमीटर प्रति सेकंड और चार किलोमीटर प्रति सेकंड रहेगी। इसके बाद चंद्रमा की सतह पर उतरने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

धरती और चंद्रमा के बीच की दूरी तीन लाख 84 हजार किलोमीटर है। चंद्रयान-2 में लैंडर-विक्रम और रोवर-प्रज्ञान चंद्रमा तक जाएंगे। चांद की सतह पर उतरने के चार दिन पहले 'विक्रम' उतरने वाली जगह का मुआयना करना शुरू करेगा। लैंडर यान से अलग होगा। विक्रम सतह के और नजदीक पहुंचेगा। उतरने वाली जगह को स्कैन करना शुरू करेगा और फिर शुरू होगी सतह को छूने की प्रक्रिया। उतरने के बाद लैंडर (विक्रम) का दरवाजा खुलेगा और वह रोवर (प्रज्ञान) को रवाना करेगा। रोवर के निकलने में करीब चार घंटे का समय लगेगा। फिर यह वैज्ञानिक परीक्षणों के लिए चांद की सतह पर निकल जाएगा। इसके 15 मिनट के अंदर ही इसरो को लैंडिंग की तस्वीरें मिलनी शुरू हो जाएंगी।

पहले चंद्र मिशन की सफलता के 11 साल बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने भू-स्थैतिक प्रक्षेपण यान जीएसएलवी-मार्क तीन के जरिए 978 करोड़ रुपए की लागत से बने 'चंद्रयान-2' का प्रक्षेपण किया है। इसरो का सबसे जटिल और अब तक का सबसे प्रतिष्ठित मिशन माने जाने वाले 'चंद्रयान-2' के साथ रूस, अमेरिका और चीन के बाद भारत चांद की सतह पर उतरने वाला चौथा देश बन जाएगा।

इसरो के प्रमुख के सिवन ने कहा कि वैज्ञानिकों और टीम इसरो की कड़ी मेहनत से यह सफलता मिली है। 15 जुलाई को मिशन में तकनीकी दिक्कत के बाद टीम इसरो ने इसे तुरंत दूर करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। टीम इसरो ने घर-परिवार की चिंता छोड़ लगातार सात दिन तक सब कुछ झोंक दिया। यह कड़ी मेहनत का फल है।

## अगले साल भारत का सूर्य अभियान

पेज 3 का बाकी

अपरचर रडार (निसार)। इसकी संभावित लागत करीब 10 हजार करोड़ रुपए होगी। इसे जीएसएलवी-एमके 2 रॉकेट से छोड़ा जा सकता है।

इसके अलावा 2023 तक शुक्रयान भेजने की योजना है। 2025 तक ऐसा यान विकसित कर लिया जाएगा, जिससे अंतरिक्ष पर्यटन शुरू हो सकेगा। उपग्रहों के लिए एक ही यान का उपयोग कई बार किया जा सकेगा। यह यान अंतरिक्ष में जाकर उपग्रहों को उनकी निर्धारित कक्षा में स्थापित कर वापस आ जाएगा।

2014 में इसरो के मंगलयान मिशन ने पहली बार में ही सफलता हासिल कर ली थी। इसके बाद अब इसरो मंगलयान-2 (मार्स ऑर्बिटर मिशन-2, मॉम-2) भेजेगा। इस बार मंगलयान अपने लैंडर और रोवर मंगल की सतह पर उतारेगा और वहां के सतह, वातावरण, रेडिएशन, तूफान, तापमान आदि का अध्ययन किया जाएगा। इसे 2021-22 में भेजने की योजना है। इस मिशन में फ्रांस मदद करेगा।

इसके अलावा इसरो की महत्त्वाकांक्षी परियोजना है गगनयान। इसके जरिए इसरो तीन यात्रियों को अंतरिक्ष में सात दिन के लिए भेजेगा। उम्मीद है कि यह मिशन 2022 तक पूरा हो जाएगा। इसरो ने खुद का स्पेस स्टेशन बनाने की घोषणा की है। इसपर काम चल रहा है।

## राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने सराहा

पेज 3 का बाकी

को बधाई भी दी और कहा कि यह सभी भारतीयों के लिए गर्व का क्षण है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने भी इस घटनाक्रम पर पूरी नजर रखी और इसे एक बड़ा कदम बताया। अमेरिकी अखबार 'वाशिंगटन पोस्ट' ने विशेषज्ञों के हवाले से कहा कि प्रक्षेपण टालने के कुछ ही दिन बाद सफल दूसरा प्रयास इसरो की उसकी प्रौद्योगिकी क्षमताओं में विश्वास को रेखांकित करता है जो 1.8 अरब डालर के बेहद कम बजट से प्रभावित नहीं हुआ है। वहीं नासा को इस वर्ष 21.5 अरब डालर की धनराशि आबंटित की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 'चंद्रयान-2' के सफल प्रक्षेपण के लिए इसरो को बधाई दी।

## संसद के दोनों सदनों ने इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी

नई दिल्ली, 22 जुलाई (भाषा)।

संसद के दोनों सदनों ने सोमवार को देश के दूसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-2 के सफल प्रक्षेपण पर संबंधित वैज्ञानिकों व परियोजना से जुड़े लोगों को बधाई दी और कहा कि यह पूरे देश के लिए गौरव का क्षण है। चंद्रयान-2 का सोमवार को सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सफल प्रक्षेपण किया गया। इसके सफल प्रक्षेपण के कुछ देर बाद ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कहा कि इसरो के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-2 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया है। यह देश के लिए गौरवशाली क्षण है।

उन्होंने कहा कि इस प्रक्षेपण के साथ ही अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की शक्ति और क्षमता को बढ़ावा मिला है। बिड़ला ने कहा कि यह इसरो के वैज्ञानिकों के अथक प्रयासों और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में संभव हुआ है। हम वैज्ञानिकों को बधाई देते हैं। सदस्यों ने मेजें थपथपा कर इस उपलब्धि के लिए वैज्ञानिकों की सराहना की। विपक्ष के कुछ सदस्यों ने कहा कि यह वैज्ञानिकों की उपलब्धि है, इसमें प्रधानमंत्री का नाम क्यों लिया जाए? उधर, राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने भी उच्च सदन में इस उपलब्धि का जिक्र किया।

## खबर कोना



ग्वांगजू में विश्व तैराकी चैंपियनशिप में महिलाओं के 200 मीटर में स्वर्ण पदक जीतने के बाद हंगरी की कातिंका होसाजु।

### राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस में भारत ने जीते सातों स्वर्ण

कटक, 22 जुलाई (भाषा)।

हरमीत देसाई और आहिका मुखर्जी ने सोमवार को यहां पुरुष और महिला एकल के खिताब जीते जिससे भारत 21वीं राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप में दांव पर लगे सातों स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। हरमीत ने पुरुष एकल में हमवतन जी साथियान को बेहद संघर्षपूर्ण फाइनल में 4-3 (9-11, 6-11, 11-5, 11-8, 17-15, 7-11, 11-9) से हराया। शुरू में 0-2 से पिछड़ने के बाद हरमीत ने शानदार वापसी की और सात गेम तक चले मैच को अपने नाम किया। महिला एकल में आहिका ने पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन मधुरिका पाटकर को आसानी से 4-0 (11-6, 11-4, 11-9, 19-17) से हराकर चैंपियनशिप में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। एंथनी अमलराज और मानव ठक्कर ने पुरुष युगल में साथियान और शरत कमल की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को 3-1 (8-11, 11-6, 13-11, 12-10) से हराकर सोने का तमगा जीता। महिला युगल का खिताब पूजा सहस्त्रबुद्धे और कृत्विका सिन्हा राय ने जीता। उन्होंने फाइनल में हमवतन श्रीजा अकुला और मौसमी पॉल को 3-1 (11-9, 11-8, 9-11, 12-10) से हराया। भारत ने इस तरह से प्रतियोगिता में सात स्वर्ण, पांच रजत और तीन कांस्य पदक जीते।

### जयपुर पिंकपैंथर्स ने यू मुंबा को 42-23 से हराया

हैदराबाद, 22 जुलाई (भाषा)।

जयपुर पिंक पैंथर्स ने आलराउंड खेल का प्रदर्शन करते हुए यू मुंबा को सातवें प्रो कबड्डी लीग के तीसरे दिन सोमवार को यहां 42-23 से हराया। जयपुर के रेडर्स शानदार फार्म में थे और उन्होंने नियमित अंतराल में अंक बनाए। दूसरी तरफ उसकी रक्षापंक्ति ने अपना दमखम दिखाया और यू मुंबा के रेडर के सामने कड़ी चुनौती पेश की। दीपक हुड्डा ने जयपुर की तरफ से 10 अंक बनाए जबकि दीपक नारवाल (छह अंक) और नितिन रावल (सात अंक) ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। रक्षापंक्ति में अमित हुड्डा ने शानदार खेल दिखाया। उधर हरियाणा स्टीलर्स ने पुणेरी पल्टन को 34-24 से हराया।


# खिताबी सूखा खत्म करने पर निगाहें

जापान ओपन बैडमिंटन आज से

तोक्यो, 22 जुलाई (भाषा)।

भारत की शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू इंडोनेशिया ओपन के फाइनल में मिली हार के बाद मंगलवार से शुरू हो रहे जापान ओपन बीडब्लूएफ विश्व टूर सुपर 750 टूर्नामेंट में जीत के साथ इस साल के खिताबी सूखे को खत्म करना चाहेंगी। इस टूर्नामेंट में सानिया नेहवाल की वापसी होगी जो फिटनेस समस्याओं के कारण इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाईं थीं।

सिंधू रविवार को जकार्ता में इंडोनेशिया ओपन के फाइनल में जापान की अकाने यामागुची से हारकर सात महीने के खिताबी सूखे को खत्म नहीं कर सकी थी। वह इस कसक को जापान में पूरा करना चाहेंगे जहां उनका अभियान चीन की हान यूई के खिलाफ शुरू होगा। सिंधू अगर पहले दौर के मुकाबले को जीत जातीं हैं तो दूसरे दौर में उनका सामना स्काटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर या जापान की आया ओहोरी से होगा। पांचवीं वरीयता प्राप्त यह भारतीय खिलाड़ी इंडोनेशिया में यामागुची से मिली शिकस्त का बदला इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में ले सकतीं हैं जहां सिंधू का सामना चौथी वरीयता प्राप्त इस खिलाड़ी से हो सकता है। टूर्नामेंट में आठवीं वरीयता प्राप्त साइना नेहवाल इकलौती भारतीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने मौजूदा सत्र में खिताब जीता है। वह अपने अभियान की शुरुआत में थाईलैंड की बुसनान ओंगबुरूंगपान से भिड़ेंगी। इस खिलाड़ी के खिलाफ साइना के जीत का रेकार्ड 3-1 का है।




**पुरुष एकल में दो शीर्ष भारतीयों का सामना :** पुरुष एकल के शुरुआती दौर में ही दो शीर्ष भारतीय खिलाड़ियों को सामना होगा। जहां एचएस प्रणय आठवीं वरीयता प्राप्त किदांबी श्रीकांत को चुनौती पेश करेंगे। अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में हालांकि श्रीकांत का पलड़ा भारी है जिन्होंने पांच मुकाबलों में से चार में जीत दर्ज की है। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में स्विस ओपन के उपविजेता बी साई प्रणीत पहले दौर में जापान के केंटा निशिमोटो के खिलाफ कोर्ट में उतरेंगे। चोट के कारण इंडोनेशिया ओपन से बाहर रहने वाले समीर वर्मा इसके उपविजेता डेनमार्क के अंद्रेस अंटोनसेन को पहले दौर में चुनौती पेश करेंगे।

# भारत ए ने आखिरी वनडे में वेस्ट इंडीज को आठ विकेट से हराया

एंटीगा, 22 जुलाई (भाषा)।

ऋतुराज गायकवाड़ की अगुआई में भारत ए के शीर्षक्रम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वेस्ट इंडीज ए के खिलाफ पांचवां और आखिरी अनौपचारिक मैच आठ विकेट से जीतकर शृंखला 4-1 से अपने नाम कर ली। राहुल चाहर, उनके चचेरे भाई दीपक चाहर और तेज गेंदबाज नवदीप सैनी ने दो-दो विकेट लिए।

भारत ए ने वेस्ट इंडीज ए को 47.4 ओवरों में 236 रन पर आउट कर दिया। गायकवाड़ (99) ने उम्दा पारी खेली लेकिन शतक से एक रन से चूक गए। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (69) और श्रेयस अय्यर (61) के अर्धशतकों के दम पर भारत ए ने लक्ष्य 33 ओवर में हासिल कर लिया। गिल ने आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 40 गेंद में 69 रन बनाए और गायकवाड़ के साथ 110 रन की साझेदारी की। उन्हें रहकीम कार्नवाल ने 12वें ओवर में आउट किया। गायकवाड़ ने 89 गेंद की अपनी पारी में 11 चौके और तीन छक्के लगाए। अय्यर 64 गेंद में 61 रन बनाकर नाबाद रहे जिसमें तीन चौके और दो छक्के शामिल थे।

इससे पहले वेस्ट इंडीज ए के लिए सलामी बल्लेबाज सुनील अंबरीश ने 52 गेंद में सात चौकों और दो छक्कों के साथ 61 रन बनाए। इसके बाद मेजबान बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह ढह गई। एक समय उसका स्कोर बिना किसी नुकसान के 77 रन था जो छह विकेट पर 103 रन हो गया।



- शतक से चूके गायकवाड़, 99 रन की उम्दा पारी खेली
- भारत ने शृंखला 4-1 से अपने नाम कर ली
- चाहर बंधुओं और तेज गेंदबाज नवदीप सैनी ने दो-दो विकेट लिए

# केशव दत्त, प्रसून बनर्जी को दिया जाएगा मोहन बागान रत्न

कोलकाता, 22 जुलाई (भाषा)।

दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता केशव दत्त और भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान प्रसून बनर्जी को 'मोहन बागान रत्न' के लिए चुना गया है। मोहन बागान क्लब ने सोमवार को बताया कि इन्हें क्लब के वार्षिक समारोह के दौरान 29 जुलाई को सम्मानित किया जाएगा।

मोहन बागान हाल में संपन्न क्रिकेट विश्व कप 2019 में हैट्रिक बनाने वाले भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को भी सम्मानित करेगा जबकि अशोक चटर्जी को 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार दिया जाएगा। क्लब साथ ही पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान सौरव गांगुली, चुनी गोस्वामी, डॉ. वेस पेस, प्रसेनजित चटर्जी और देव शंकर हलदर को आजीवन सदस्यता भी देगा।

सबसे अधिक उम्र के जीवित हॉकी ओलंपियन में से एक 94 साल के दत्त ने 1948 लंदन ओलंपिक में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। इन खेलों में भारत ने स्वतंत्रता के बाद पहला स्वर्ण पदक जीता। दत्त ने दूसरा स्वर्ण 1952 हेलसिंकी खेलों में जीता।

यह पहली बार है जब मोहन बागान की कार्यकारी समिति ने किसी गैर फुटबॉलर को अपना शीर्ष पुरस्कार देने का फैसला किया है। प्रसून पीके बनर्जी के छोटे भाई हैं और उन्होंने अपने बड़े भाई और परमिंदर सिंह के साथ मजबूत मिडफील्ड तिकड़ी बनाई थी।

# डब्लूटीए रैंकिंग में शीर्ष 10 में कोई बदलाव नहीं

पेरिस, 22 जुलाई (भाषा)।

डब्लूटीए की नवीनतम रैंकिंग में शीर्ष 10 खिलाड़ियों के स्थानों में कोई बदलाव नहीं हुआ जबकि एटीपी टेनिस रैंकिंग में रूस के डेनियल मेदवेदेव करिअर के सर्वश्रेष्ठ नौवें स्थान पर पहुंच गए।

सोमवार को जारी डब्लूटीए रैंकिंग में आस्ट्रेलिया की एशलेग बार्टी पहले पायदान पर बरकरार है जबकि जापान की नाओमी ओसाका दूसरे और चेक गणराज्य की कैरोलीना प्लिस्कोवा तीसरे स्थान पर हैं। विंबलडन चैंपियन रोमानिया की सिमोना हालेप रैंकिंग में चौथे स्थान पर है जबकि इस टूर्नामेंट की उपविजेता सेरेना नौवें पायदान पर हैं। पुरुष में विंबलडन चैंपियन सर्बिया के नोवाक जोकोविच पहले और उपविजेता स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर तीसरे स्थान पर हैं जबकि स्पेन के रफेल नडाल दूसरे स्थान पर बरकरार हैं। एटीपी रैंकिंग में शीर्ष आठ स्थानों में कोई बदलाव नहीं हुआ। रूस से मेदवेदेव करिअर के सर्वश्रेष्ठ नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। पिछली रैंकिंग में नौवें स्थान पर रहे इटली के फाबियो फोगनीनी 10वें स्थान पर खिसक गए।

## बोपन्ना फिर बने देश के नंबर एक युगल खिलाड़ी

नई दिल्ली, 22 जुलाई (भाषा)।

रोहन बोपन्ना एटीपी की सोमवार को जारी ताजा विश्व रैंकिंग में तीन पायदान आगे बढ़ने में सफल रहे हैं जिससे वह फिर से भारत के नंबर एक युगल खिलाड़ी बन गए। बोपन्ना अब विश्व टेनिस रैंकिंग में 43वें नंबर पर पहुंच गए हैं जबकि पिछले सप्ताह तक भारतीय खिलाड़ियों में शीर्ष पर काबिज रहे दिविज शरण तीन पायदान नीचे 46वें स्थान पर खिसक गए हैं। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस भी युगल रैंकिंग में तीन पायदान आगे बढ़कर 72वें स्थान पर पहुंच गए। पुरव राजा (दो पायदान नीचे 84वें) और जीवन नेदुचेझियन (पांच पायदान नीचे 86वें) शीर्ष 100 में शामिल अन्य भारतीय खिलाड़ी हैं। प्रजनेश गुणेश्वरन (88वें) एकल में शीर्ष 100 में शामिल अकेले भारतीय खिलाड़ी हैं।

भारतीय एथलेटिक्स के 'हाई परफार्मेंस' निदेशक वोल्कर हरमन ने कहा

# हिमा दास अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब

नई दिल्ली, 22 जुलाई (भाषा)।

भारतीय एथलेटिक्स के 'हाई परफार्मेंस' निदेशक वोल्कर हरमन का मानना है कि यूरोप में तीन सप्ताह में पांच स्वर्ण पदक जीतने वाली स्टार धाविका हिमा दास अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब हैं।

उन्नीस साल की हिमा ने पोलैड और चेक गणराज्य में दो जुलाई के बाद से दो सौ मीटर की चार और चार सौ मीटर की एक स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया है। इस दौरान उन्होंने अपने समय में भी सुधार के साथ शानदार प्रदर्शन किया।

हरमन ने कहा, हिमा सही दिशा में आगे बढ़ रही है। अगर आप 50 सेकंड से कम समय में दौड़ (400 मीटर) पूरी करना चाहते हैं तो आपके पास 22.80 सेकंड में दौड़ (200 मीटर) पूरी करने की क्षमता होनी चाहिए। हिमा ने 20 जुलाई को 400 मीटर में 52.09 सेकंड के सत्र के सर्वश्रेष्ठ समय के साथ स्वर्ण जीता था। हिमा ने दोहा में 26 सितंबर से छह अक्तूबर तक दोहा में होने वाले विश्व चैंपियनशिप के लिए 200 मीटर या 400 मीटर की दौड़ स्पर्धा के लिए क्वालीफाइ नहीं किया है।

पुरुष के वर्ग में हालांकि मोहम्मद अनस ने 400 मीटर स्पर्धा में राष्ट्रीय रेकार्ड के साथ विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। एक जुलाई को भारतीय एथलेटिक्स के साथ जुड़ने वाले हरमन ने कहा, हमारे पास मोहम्मद अनस भी है जो अपने रेकार्ड में ही सुधार कर रहे हैं और यह शानदार है।



- यूरोप में तीन सप्ताह के भीतर जीत चुकीं हैं पांच सोने के तमगे

जर्मनी के हरमन ने कहा कि तोक्यो ओलंपिक के लिए 25 से 30 भारतीय एथलीट क्वालीफाई कर सकते हैं। उन्होंने कहा, पुरुषों और महिलाओं के 400 मीटर रिले में विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले आठ एथलीट सीधे क्वालीफाई कर लेंगे और हमारे लिए शायद यह सबसे आसान तरीका होगा। भाला फेंक और 400 मीटर दौड़ में भी हम अच्छी स्थिति में है। उन्होंने कहा, तोक्यो ओलंपिक में अभी एक साल का समय है। हमें अपनी कमजोरियों और मजबूत पहलुओं पर काम करना होगा ताकि एथलीट अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सके। लेकिन हमें 2024 और 2028 ओलंपिक को भी ध्यान में रखना होगा। उन्होंने कहा, 2024 ओलंपिक के लिए हमें 15 से 17 साल के उम्र के एथलीटों के साथ काम करना होगा।



**गोल** सिएटल में एमएलएस फुटबॉल मैच में सिएटल साउंडर्स के खिलाफ दूसरा गोल करने के बाद पोर्टलैंड टिम्बर्स के ब्रायन फर्नांडीज।

# चयनकर्ताओं को धोनी जैसे बड़े खिलाड़ियों को विश्वास में लेना चाहिए : अजहरूद्दीन

हैदराबाद, 22 जुलाई (भाषा)।

पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरूद्दीन ने कहा कि चयनकर्ताओं और महेंद्र सिंह धोनी के बीच संवाद महत्त्वपूर्ण होगा क्योंकि यह पूर्व कप्तान संन्यास की अटकलों के बीच अपने शानदार करिअर के अंतिम चरण पर है।



यह पूछे जाने पर कि धोनी जैसे बड़े खिलाड़ियों के संन्यास का सर्वश्रेष्ठ तरीका क्या होगा, अजहरूद्दीन ने कहा, एक खिलाड़ी खेलना चाहता है लेकिन चयनकर्ताओं को बात करनी होगी कि वह कब तक खेलेगा, वह कैसे खेलेगा, क्या होगा। उन्होंने कहा, बड़े खिलाड़ी के मामले में खिलाड़ी को भी विश्वास में लिया जाना चाहिए और उससे बात करनी चाहिए। मुझे लगता है कि कोई फैसला आएगा। अन्यथा लोग लिखते रहेंगे कि उसे संन्यास लेना चाहिए, नहीं लेना चाहिए। क्योंकि धोनी ने कोई बयान नहीं दिया है। अधिकांश विशेषज्ञों का मानना है कि धोनी अब उतने सक्षम नहीं है लेकिन अजहरूद्दीन का मानना है कि वह अब भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना जारी रखना अगर उनके अंदर इच्छाशक्ति और शत प्रतिशत फिट शरीर है तो। उन्होंने कहा, मेरा नजरिया है कि अगर वह फिट हैं और अच्छा खेल रहे हैं तो उन्हें खेलना चाहिए। अजहरूद्दीन ने कहा कि समय आने पर धोनी सही फैसला करेंगे। उन्होंने कहा, उसने दो महीने का आराम लिया है। शायद इसके बाद वह बताएगा कि वह क्या करेगा।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
शाखा कार्यालयः नाहन

डिमांड नोटिस

वित्तीय सम्पत्तियो के प्रतिभूतिकरण व पुनःनिर्माण तथा प्रतिभूति ब्याज के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अधीन सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित कर्जदार/गारंटरों ने बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाएं की प्रधान राशि और ब्याज की पुनः अदायगी में चूक की है तथा कथित सुविधाओं को नॉन-परफॉर्मिंग असैट्स के तौर पर वर्गीकृत किया गया है। वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनः निर्माण तथा प्रतिभूति ब्याज के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत कर्जदार/गारंटरों को उनके अंतिम ज्ञात पतों पर नोटिस जारी किए थे। तथापि कुछ पतों से नोटिस अवितरित वापिस आ गए और कुछ अन्य मामलों में पावती प्राप्त नही की गई तथा उनके पंजीकृत पतों पर नोटिस चिपका दिए गए है, इसलिए उन्हें इस नोटिस के बारे में सार्वजनिक सूचना के माध्यम से एतद्द्वारा सूचित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/ गारंटरों के नाम | रेहन संपति का विवरण | एनपीए की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि | डिमांड नोटिस के अनुसार राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कर्जदारः 1. मै. सौम्या एक्स्ट्रूशन्स, गांव संतोषगढ़, पी.ओ. पुरुवाला, तहसील पांवटा साहिब, जिला सिरमौर। 2. श्री ब्रजेश कुमार सुपुत्र जयश्री नारायण शर्मा ओसीमो-1, 804, आठवां तल, महागुण मैन्शन-2, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, 3. श्री अभिषेक कुमार सुपुत्र राजकुमार सिंह, बी-202, कल्याणी अपार्टमेंट्स, कल्याणी सहकारी आवास समिति लि., प्लाट नं. जीएच-2, सेक्टर-6, वसुन्धरा, गाजियाबाद, 4. श्रीमती सोमा राज पत्नी श्री ब्रजेश कुमार ओसीमो-1, 804, आठवां तल, महागुण मैन्शन-2, 1/4 वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, 5. श्री रामनक्षत्रा राय सुपुत्र भिकारी राय, 324, प्रथम तल, वैशाली, सैक्टर-1, जिला गाजियाबाद। गारंटरः 1. श्री ब्रजेश कुमार सुपुत्र जयश्री नारायण शर्मा ओसीमो-1, 804, आठवां तल, महागुण मैन्शन-2, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, 2. श्री अभिषेक कुमार सुपुत्र राजकुमार सिंह, बी-202, कल्याणी अपार्टमेंट्स, कल्याणी सहकारी आवास समिति लि., प्लाट नं. जीएच-2, सेक्टर-6, वसुन्धरा, गाजियाबाद, 3. श्रीमती सोमा राज पत्नी श्री ब्रजेश कुमार ओसीमो-1, 804, आठवां तल, महागुण मैन्शन-2, 1/4 वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, 4. श्री रामनक्षत्रा राय सुपुत्र भिकारी राय, 324, प्रथम तल, वैशाली, सैक्टर-1, जिला गाजियाबाद, 5. मै. प्रभात इंडस्ट्रीज, गांव संतोषगढ़, पी.ओ. पुरुवाला, तहसील पांवटा साहिब, जिला सिरमौर 6. श्री राज कुमार सिंह मकान नं. 2146, सैक्टर 6-ए, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, झारखंड। | संपति 1. गांव संतोषगढ़, पुरुवाला, तहसील पांवटा साहिब, जिला सिरमौर में स्थित खसरा नं. 72/3, रकबा 2 बीघा 10 बिस्वा और खसरा नं. 72/2/2 रकबा 1 बीघा कुल भूमि रकबा 3 बीघा 10 बिस्वा में शामिल भूमि। संपति 2. मै. सौम्या एक्स्ट्रूशन्स, गांव संतोषगढ़, पी.ओ. पुरुवाला, तहसील पांवटा साहिब, जिला सिरमौर में पड़ी हुई बैंक के साथ बंधीकृत सभी प्रकार के प्लांट व मशीनरी, निवास या अन्य कहीं भी। संपति 3. मै. सौम्या एक्स्ट्रूशन्स, गांव संतोषगढ़, पी.ओ. पुरुवाला, तहसील पांवटा साहिब, जिला सिरमौर में पड़े हुए बैंक के साथ बंधीकृत सभी प्रकार के भंडार, निवास या अन्य कहीं भी। | 29.03.2019 | 30.05.2019 | 1,25,24,194/- रुपए जो 30.05.2019 को है जमा उस पर आगामी ब्याज व अन्य खर्चे |
| 2. | कर्जदारः 1. मै. प्रभात इंडस्ट्रीज, गांव संतोषगढ़, पी.ओ. पुरुवाला, तहसील पांवटा साहिब, जिला सिरमौर 2. श्री ब्रजेश कुमार सुपुत्र जयश्री नारायण शर्मा ओसीमो-1, 804, आठवां तल, महागुण मैन्शन-2, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, 3. श्री अभिषेक कुमार सुपुत्र राजकुमार सिंह, बी-202, कल्याणी अपार्टमेंट्स, कल्याणी सहकारी आवास समिति लि., प्लाट नं. जीएच-2, सेक्टर-6, वसुन्धरा, गाजियाबाद, 4. श्रीमती सोमा राज पत्नी श्री ब्रजेश कुमार ओसीमो-1, 804, आठवां तल, महागुण मैन्शन-2, 1/4 वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, 5. श्री रामनक्षत्रा राय सुपुत्र भिकारी राय, 324, प्रथम तल, वैशाली, सैक्टर-1, जिला गाजियाबाद। गारंटरः 1. श्री ब्रजेश कुमार सुपुत्र जयश्री नारायण शर्मा ओसीमो-1, 804, आठवां तल, महागुण मैन्शन-2, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, 2. श्री अभिषेक कुमार सुपुत्र राजकुमार सिंह, बी-202, कल्याणी अपार्टमेंट्स, कल्याणी सहकारी आवास समिति लि., प्लाट नं. जीएच-2, सेक्टर-6, वसुन्धरा, गाजियाबाद, 3. श्रीमती सोमा राज पत्नी श्री ब्रजेश कुमार ओसीमो-1, 804, आठवां तल, महागुण मैन्शन-2, 1/4 वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, 4. श्री रामनक्षत्रा राय सुपुत्र भिकारी राय, 324, प्रथम तल, वैशाली, सैक्टर-1, जिला गाजियाबाद। | संपति 1. गांव संतोषगढ़, पुरुवाला, तहसील पांवटा साहिब, जिला सिरमौर में स्थित खसरा नं. 72/3, रकबा 2 बीघा 10 बिस्वा और खसरा नं. 72/2/2 रकबा 1 बीघा कुल भूमि रकबा 3 बीघा 10 बिस्वा में शामिल भूमि। संपति 2. मै. प्रभात इंडस्ट्रीज, गांव संतोषगढ़, पी.ओ. पुरुवाला, तहसील पांवटा साहिब, जिला सिरमौर में पड़ी हुई बैंक के साथ बंधीकृत सभी प्रकार के प्लांट व मशीनरी, निवास या अन्य कहीं भी। संपति 3. मै. प्रभात इंडस्ट्रीज, गांव संतोषगढ़, पी.ओ. पुरुवाला, तहसील पांवटा साहिब, जिला सिरमौर में पड़े हुए बैंक के साथ बंधीकृत सभी प्रकार के भंडार, निवास या अन्य कहीं भी। | 31.03.2019 | 04.06.2019 | 62,82,326/- रुपए जो 04.06.2019 को है जमा उस पर आगामी ब्याज व अन्य खर्चे |

प्रतिभूतिकरण अधिनियम 2002 के प्रावधानों के अनुसार अब इस प्रकाशन के माध्यम से प्रतिभूतित ऋणदाता (बैंक) के प्राधिकृत अधिकारी की क्षमता में कार्य करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अन्दर बकाया दायित्व राशि के साथ अगामी ब्याज तथा खर्चे/प्रभारों यथा लागू, की अदायगी के लिए आपको आमंत्रित करता है, जिसमें असफल रहने पर प्रतिभूतित ऋणदाता कथित अध्यादेश की धारा 13 की उप धारा (2)तथा अन्य लागू प्रावधानों के अधीन विस्तृत वर्णित किसी या सभी अधिकारों का प्रयोग करेगा।

आपको कथित अधिनियम की धारा 13 के निर्बंधनों के अनुसार सूचना भी दी जाती है कि आप बैंक की लिखित सहमति के बिना कथित प्रतिभूतित परिसंपत्तियों का बिक्री, पट्टे या अन्यथा द्वारा हस्तांतरण नहीं कर सकेंगे।

यह सूचना कानून के किसी अन्य लागू प्रावधानों के अंतर्गत मानित अनुसार ऐसी किसी अन्य कार्यवाही या कानूनी कार्यवाही शुरु करने के बैंक के अधिकार के पूर्वाग्रह के बिना है।

**कर्जदार के ध्यान में लाया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा (13) की उप धारा (8) के प्रावधानों के अंतर्गत प्रतिभूतित सम्पत्तियों को बचाने के समय उपलब्ध है।**

तिथिः 22.07.2019 स्थानः नाहन प्राधिकृत अधिकारी

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 247, *हवाई शुल्क :* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।

दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।